आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 176- ● जबलपुर ● बुधवार, 27 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास कृष्ण पक्ष-14 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## बिजली विभाग का गजब कारनामा

## भेज दिया 3 हजार 419 करोड़ से ज्यादा का बिल

### उपभोक्ता अस्पताल में भर्ती



**ग्वालियर एजेंसी।** मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के गृह नगर ग्वालियर में बिजली विभाग के अधिकारियों ने एक उपभोक्ता के घर 3 हजार 419 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिल भेज दिया। जिससे देखकर उपभोक्ता का ब्लड प्रेशर बढ़ गया। बताया गया है कि उभोक्ता हार्ट पेशेंट हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर के पाश इलाके सिटी सेंटर में मेट्रो टॉवर के पीछे शिव बिहार कॉलोनी में प्रियंका गुप्ता का घर है। प्रियंका ग्रहणी हैं और उनके पति संजीव पेशे से वकील हैं। संजीव बताते हैं कि इस बार उनका बिजली बिल 3 हजार 419 करोड़ रुपये से ज्यादा का आया। जिसे देखकर उनकी पत्नी प्रियंका का बीपी बढ़ गया और उनके पिता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता जो हार्ट पेशेंट हैं, ब्लड प्रेशर बढ़ने के चलते अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। जहां उनका इलाज जारी है।

बिल अधिक भेजने की जानकारी मिलने पर बिजली विभाग में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिजनों का कहना है कि विभाग ने अपनी कमियों को छुपाने के लिए बिल संशोधित कर भेज दिया। अब दोबारा 1300 रुपये का बिल भेजा है। बिजली बिजली कंपनी के महाप्रबंधक का कहना है कि ये मानवीय भूल है और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। असिस्टेंट रेवेन्यू ऑफिसर को सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही जूनियर इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं, ऊर्जा मंत्री का कहना है कि मामले में कार्रवाई की गई है। बिल को ठीक कर दिया है। प्रदेश में बिजली कंपनी की मनमानी से लोग परेशान हैं।

## 9 अनूपपुर में स्कूली बच्चों से भरी कार पलटी

### घायल, तीन की हालत गंभीर



**अनूपपुर, यशभारत।** जिला मुख्यालय से चचाई जाने वाले मुख्य मार्ग में एक होटल के समीप तेज रफ्तार आर्टिगा कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में लगभग 12 स्कूल के बच्चे सवार थे, जिनमें से 9 घायल हुए हैं और उनमें से तीन की हालत गंभीर बताई गई है। यह घटना बुधवार सुबह करीब 8 बजे की है। सभी घायलों को जिला अस्पताल अनूपपुर में भर्ती कराया गया है। स्कूली बच्चे अनूपपुर से अमलाई एक निजी स्कूल जा रहे थे तभी यह घटना हो गई। घटना के बारे में मिली जानकारी अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार एक निजी वाहन है, जिसमें रोज की तरह अमलाई स्कूल पढ़ने जाने वाले बच्चे अनूपपुर से रवाना हुए थे। वाहन की रफ्तार तेज थी। अनूपपुर और परसवार गांव के बीच एक होटल के समीप यह गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन के चारों पहिए ऊपर हो गए थे और बच्चे वाहन में बुरी तरह दबे हुए थे। आसपास और सड़क से गुजर रहे राहगीर तुरंत घटनास्थल पहुंचे और वाहन में अंदर फंसे बच्चों को बाहर निकालने में मदद की। वाहन का नंबर एमपी 18 सी 7441 है, जो अशोक यादव की गाड़ी बताई जा रही है और वाहन को चालक दीपक पिता विजय दहिया निवासी धनपुरी वार्ड नंबर 4 चला रहा था। घटना में अनुपम पिता बिरेंद्र सिंह, अरुंद पिता बिरेंद्र सिंह, यस पिता संजू शर्मा, आर्यन पिता अमरेंद्र शर्मा 16 वर्ष, अनमोल पिता मुकेश पटेल 11 वर्ष, विवेक पिता इंद्रदेव कुमार 14 वर्ष,टीसा पिता पिता राकेश जगवानी 15 वर्ष, गीत पिता जगनारायण केसरवानी 14 वर्ष आदि शामिल हैं। घटना में कुछ बच्चों के सिर में गंभीर चोट आई है तथा एक बच्चे का हाथ फैक्चर हो गया है।



### रेलवे भर्ती घोटाला

## लालू के ओएसडी रहे भोला यादव गिरफ्तार, बिहार में चार जगहों पर छापेमारी

पटना एजेंसी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने आज पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के तत्कालीन ओएसडी भोला यादव को नौकरी के लिए जमीन लेने के मामले में गिरफ्तार किया है। बिहार में पटना और दरभंगा में चार जगहों पर तलाशी जारी है। भोला यादव 2004 से 2009 तक लालू यादव के ओएसडी रहे थे। लालू यादव उस वक्त के रेल मंत्री थे और यह घोटाला भी उसी समय का है। भोला यादव को ही इस घोटाले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है।

## खंडवा में आदिवासी परिवार की 3 बहनों ने एक ही फंदे पर फांसी लगाई

**खंडवा।** जिले के जावर थाना अंतर्गत भामगढ़ ग्राम में कोटापेट फाल्या में आदिवासी परिवार की 3 बहनों ने एक फंदे पर फांसी लगा ली। घटना मंगलवार देर रात 11 बजे की बताई जा रही है। पुलिस रात 2.30 बजे घटनास्थल पर पहुंची। परिजन कोई वजह नहीं बता पा रहे हैं। एसपी विवेक सिंह ने बताया कि इस गांव में 3 बहनें सोनू, सावित्री और ललिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक उनके पिता जामसिंह का निधन हो चुका है। परिवार में 5 बहनें (इनमें से तीन ने खुदकुशी कर ली) और 3 भाई हैं।

### सुको का फैसला

## ED का ऐक्शन यूं ही चलेगा!

## गिरफ्तारी के अधिकार को बताया सही

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश की सर्वोच्च अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की शक्तियों, गिरफ्तारी के अधिकार, गवाहों को समन भिजवाने और संपत्ति जब्त करने के तरीके को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए ईडी के सभी अधिकारों को बरकरार रखने का फैसला दिया है। इसके साथ हीशीर्ष अदालत ने वित्त विधेयक के पैसेज में संशोधन के फैसले को बड़ी बेंच को भेजने के आदेश दिया है। कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम, एनसीपी नेता अनिल देशमुख एवं अन्य की तरफ से प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट ने याचिका दाखिल कर इस एक्ट को रद्द करने की मांग की थी। जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में फैसला सुनाया। पीठ में जस्टिस सीटी रविकुमार और जस्टिस दिनेश माहेश्वरी भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि PMLA कानून में बदलाव सही है। ईडी के सामने दिया गया बयान सबूत। सुप्रीम कोर्ट ने पीएमएलए कानून के तहत अपराध से बनाई गई आय,उसकी तलाशी और जब्ती, आरोपी की गिरफ्तारी की शक्ति और संपत्तियों की कुर्की जैसे PMLA के कड़े प्रावधानों को सही ठहाराया। मनी लॉन्ड्रिंग के तहत आरोपी की गिरफ्तारी गलत नहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत किसी आरोपी की गिरफ्तारी गलत नहीं है। यानी शीर्ष अदालत ने ईडी के गिरफ्तारी के अधिकारी को बरकरार रखा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सुप्रीम कोर्ट से पीएमएलए एक्ट को खत्म करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि ECIR जिसे एक तरह से एफआईआर की कॉपी माना जाता है। कोर्ट ने कहा कि इस कॉपी को आरोपी को देना जरूरी नहीं है। गिरफ्तारी के समय कारण बता देना ही ईडी के लिए पर्याप्त होगा।



### 242 याचिकाओं पर फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सेक्शन 50 के तहत बयान लेने और आरोपी को बुलाने की शक्ति का अधिकार भी सही है। सुप्रीम कोर्ट में 242 याचिकाओं पर सुनवाई हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग एक स्वतंत्र अपराध है। सेक्शन 5, सेक्शन 18, सेक्शन 19, सेक्शन 24 और सेक्शन 44 में जोड़ी गई उपधारा भी सही है। सुप्रीम कोर्ट ने इन 5 धाराओं को सही ठहराया है।

### सुप्रीम फैसले से याचिकाकर्ताओं को झटका

PMLA मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से याचिकाकर्ताओं को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने कहा कि हमने इस कानून की समीक्षा की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जांच अधिकारी को इस कानून में असीमित शक्तियां नहीं दी गई है। भारत में मनी लॉन्ड्रिंग कानून, 2002 में अधिनियमित किया गया था, लेकिन इसमें 3 बार संशोधन (2005, 2009 और 2012) किया जा चुका है। 2012 के आखिरी संशोधन को जनवरी 3, 2013 को राष्ट्रपति की अनुमति मिली थी और यह कानून 15 फरवरी से ही लागू हो गया था। पीएमएलए (संशोधन) अधिनियम, 2012 ने अपराधों की सूची में धन को छुपाना , अधिग्रहण कब्ज़ा और धन का क्रिमिनल कामों में उपयोग इत्यादि को शामिल किया है।

### कई वरिष्ठ वकीलों ने रखा पक्ष

याचिकाकर्ताओं की माने तो जांच एजेंसियां प्रभावी रूप से पुलिस शक्तियों का प्रयोग करती हैं, इसलिए उन्हें जांच करते समय सीआरपीसी का पालन करने के लिए बाध्य होना चाहिए। इस मामले में कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी जैसे कई वरिष्ठ वकीलों ने अपना पक्ष रखा है। सख्त जमानत की शर्त, गिरफ्तारी के मामले में गैर-रिपोर्ट, बिना ईसीआईआर के गिरफ्तारी, इस कानून के कई पहलुओं की आलोचना की जा रही है। चूंकि ईडी एक पुलिस एजेंसी नहीं है, इसलिए जांच के दौरान आरोपी द्वारा ईडी को दिए गए बयानों का इस्तेमाल आरोपी के खिलाफ न्यायिक कार्यवाही में किया जा सकता है, जो आरोपी के कानूनी अधिकारों के खिलाफ है।



## मनी लांड्रिंग केस में सोनिया गांधी से तीसरे दौर की पूछताछ

### कांग्रेसी आज भी कर रहे प्रदर्शन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नेशनल हेराल्ड केस से जुड़े मनी लांड्रिंग के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ जारी है। बुधवार को तीसरे दौर की पूछताछ हो रही है। सोनिया गांधी जब अपने निवास से ईडी दफ्तर के लिए रवाना हुईं तो उनके साथ राहुल गांधी भी थे। ईडी जब सोनिया गांधी से पूछताछ कर रही थी, तब कांग्रेस के तमाम बड़े नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे थे। राहुल गांधी ने सरकार पर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष को खत्म करने की कोशिश का आरोप लगाते हुए कहा कि भारत में पुलिस का राज है। खबर है की कांग्रेस प्रमुख से आज पूछताछ का आखिरी दिन हो सकता है, क्योंकि वह जांच एजेंसी को जल्दी-जल्दी जवाब दे रही हैं। खास बात है इससे पहले कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से पूछताछ का दौर करीब 5 दिनों तक चला था।एक निजी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, ईडी सूत्रों ने बताया है कि सोनिया से पूछताछ का दौर आज खत्म हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, जांच एजेंसी के अधिकारियों का कहना है कि सोनिया सवालों के जवाब जल्दी दे रही हैं। साथ ही सूत्रों ने जानकारी दी कि बीते दो दिनों में कांग्रेस प्रमुख से करीब 70 सवाल पूछे गए हैं।

## संसद के आठवें दिन भी आज विपक्ष का हंगामा

### आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह निलंबित, नारेबाजी के बाद हुई कार्रवाई



**नई दिल्ली एजेंसी।** संसद के आठवें दिन भी आज विपक्ष का हंगामा जारी है। इस हंगामे के चलते दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार स्थगित करनी पड़ रही है। इसके अलावा राज्यसभा में कल निलंबित किए गए 19 सांसदों का धरना प्रदर्शन भी शुरू हो गया है। वहीं सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में कांग्रेस भी प्रदर्शन कर रही है।विपक्ष के भारी हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को नारे लगाने, कागज फाड़कर कल चेयर की ओर फेंकने के लिए चालू सप्ताह के शेष भाग के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया है। राज्यसभा के उपसभापति ने इस बात की जानकारी दी है।

## कर्नाटक में BJP नेता की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

**बेंगलुरू,एजेंसी।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में भाजपा युवा नेता प्रवीण नेट्टारू की मंगलवार को बेरहमी से हत्या कर दी गई। नेट्टारू भाजपा युवा मोर्चा के जिला सचिव थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि, अभी तक हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। उधर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। देर रात सड़क पर उतरकर जमकर हंगामा किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी। वारदात बेल्लारे इलाके में मृतक भाजपा कार्यकर्ता की दुकान के सामने ही हुई।

## अब उद्धव के परिवार पर संकट?



### बाल ठाकरे की बहू स्मिता ने की शिंदे से मुलाकात

**मुंबई, एजेंसी।** सत्ता और पार्टी के बाद अब शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के घर में भी मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। खबर है कि शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की बहु स्मिता ठाकरे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की है। हालांकि, उन्होंने इस मुलाकात को शिष्टाचार बताया और कहा कि शिंदे पुराने शिवसैनिक हैं। खास बात है कि शिंदे से मुलाकात करने वाली स्मिता ठाकरे पहली सदस्य हैं।उन्होंने कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी। दक्षिण मुंबई में सरकारी अतिथि गृह सहयाद्री में शिंदे से मुलाकात के बाद उन्होंने संवाददाताओं को बताया, एकनाथ शिंदे एक पुराने शिवसैनिक हैं जो मुख्यमंत्री बन गए हैं। मैं यहां उन्हें बधाई देने आयी हूं। मैं उन्हें और उनके काम को पिछले कई सालों से जानती हूं। यह शिष्टाचार मुलाकात थी। हम एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं इसलिए मैं आज उनसे मिली।शिवसेना में बगावत के बारे में पूछे जाने पर स्मिता ने कहा कि वह इसके बारे में कुछ नहीं जानती हैं क्योंकि वह एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं और राजनीति में नहीं हैं। स्मिता ने कहा, मैं राजनीति में नहीं हूं। मैं इसके बारे में कुछ नहीं जानती। वह 1995-99 के दौरान शिवसेना में एक शक्तिशाली शख्सियत थीं। स्मिता बाल ठाकरे के बेटे जयदेव ठाकरे की पत्नी हैं।

## 170 जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का निर्वाचन आज व कल

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश के जनपद पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव दो चुरणों में आज और 28 जुलाई को होगा। 29 जुलाई को जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। 170 जनपद पंचायत के पहले चरण में बुधवार को चुनाव होगा। चुनाव गैर दलीय आधार पर हो रहे है। इसलिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने अपने समर्थकों को अध्यक्ष पद पर बैठाने के लिए जोड-तोड़ भी शुरू कर दिया है।प्रदेश की 313 जनपद पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव 27 से 28 जुलाई को होगा। वहीं, 29 जुलाई को 52 जिला पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव होगा। 170 जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव आज हो रहा है। मतपत्र के माध्यम से पहले अध्यक्ष और फिर उपाध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए प्रत्याशी को नामांकन फार्म जमा करना होगा। जिसका निरीक्षण पीठासीन अधिकारी करेंगे। फिर पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर वाले मतपत्र सदस्यों को वितरित किए जाएंगे। इसमें प्रत्याशी के नाम के आगे सील लगाने होगी। मतदान के बाद ही मतगणना होगी। मतपत्र बराबर होने पर लॉटरी से चुनाव होगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों को ही अपने समर्थकों के पाला बदलने का डर है। इसके लिए दोनों ही दलों ने अपने समर्थकों की बाड़ेबंदी कर दी है। इसके लिए अपने-अपने समर्थकों को दूसरे राज्य भेजने से लेकर अज्ञातवास में रखा है। अब आज निर्वाचित सदस्य वापस आएंगे। भोपाल की बैरसिया जनपद पंचायत में 25 सदस्य है। इसमें भाजपा और कांग्रेस अपने-अपने दावे कर रही है। भाजपा अपने 18 समर्थक होने का दावा कर रही है। इनमें से 13 को जिले से बाहर भेज दिया गया है। वहीं, फंदा में भी अध्यक्ष पद को लेकर टक्कर है। दोनों ही दलों ने अपने-अपने समर्थकों को बाहर भेज दिया है, जो चुनाव के दौरान ही सामने आएंगे।






## मुंबई से पटना जा रही पाटलीपुत्र एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंटी, यात्रियों में हड़कंप

**मुंबई,एजेंसी।** मुंबई से पटना जा रही लोकमान्य तिलक पाटलीपुत्र एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंट गई. इससे लोगों में हड़कंप मच गया. जानकारी के मुताबिक लोकमान्य तिलक पाटलीपुत्र के 2 डिब्बे अलग हो गए. ये हादसा जलगांव के चालीसगांव और वाघली स्टेशन के बीच हुआ।गनीमत रही कि हादसे के दौरान किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ. रेलवे ने बताया कि अगर किसी ट्रेन के डिब्बे अलग हो जाते हैं, तो हवा का दबाव कम होने पर उसके ब्रेक अपने आप लग जाते हैं और ट्रेन थोड़ी दूर चलने के बाद रुक जाती है। जलगांव जिले में मंगलवार दोपहर को मुंबई के एलटीटी टर्मिनस से पटना जा रही पाटलीपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन के कुछ डिब्बे अलग हो गए. मध्य रेलवे के भुसावल के जनसंपर्क अधिकारी ने जानकारी दी है।

### नक्सलियों के लिए फंडिंग की आशंका

## महिला ने जमीन में गाड़कर रखे थे 1.35 करोड़ रुपये



**बालाघाट,यशभारत।** पुलिस ने बालाघाट में नम्बरटोला निवासी एक महिला के घर से जमीन में गड़े दो बैगों से 1.35 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। आशंका है कि ये रुपए नक्सलियों के लिए फंडिंग के हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि बालाघाट में दो महीने पहले कम समय में निवेश राशि दुगनी करने का प्रलोभन देने वाली गैंग के 11 सदस्यों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर दस करोड़ रुपये बरामद किए थे। गैंग के दो सदस्यों द्वारा एक महिला के घर गड़ाकर रखे गए 1.35 करोड़ रुपये पुलिस ने मंगलवार को बरामद किए हैं। गैंग के सदस्य नक्सलियों के लिए फंडिंग का काम करते थे। ऐसी लीड पुलिस को मिली है। बालाघाट पुलिस अधीक्षक सौरभ सुमन के अनुसार कम समय में निवेष की राशि दुगनी करने का प्रलोभन देने वाली गैंग के संबंध में सीएम हेल्पलाइन व पुलिस से शिकायत की गई थी। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लांजी तथा किरणापुर थाने में अनियमित जमा योजना प्रतिबद्ध अधिनियम 2019 के तहत प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने मई महीने में गैंग के 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 करोड़ रुपये नगद बरामद किए थे।सौरभ सुमन ने बताया कि केन्द्र सरकार से एक पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें आशंका जाहिर की गई है कि आरोपियों के तार नक्सलियों से जुड़े हो सकते हैं। गैंग के सदस्यों द्वारा नक्सलियों के लिए अवैध रूप से धन एकत्र करने के संबंध में पुलिस को लीड मिली थी। जांच के दौरान जानकारी मिली कि पूर्व में गिरफ्तार अजय तिडके तथा उसके भाई महेश तिडके ने ग्राम नम्बरटोला निवासी निशा बाई को रुपये का प्रलोभन देकर उसके घर में दो बैग गाड़कर रखे हैं। पुलिस ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए महिला के घर से जमीन में गड़े दो बैग बरामद किए, जिसमें से 1.35 करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। महिला को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की गई।

# सावनी फुहार से मौसम हुआ खुशगवार

**जबलपुर,यशभारत।** दो दिनों से हो रही थम-थम कर बारिश से मौसम का पारा भी गिरा है। इसकी वजह से मौसम के मिजाज में नरमी महसूस की जा रही है। मानसून राजस्थान व उत्तर भारत पर मेहरबान है। लिहाजा पूर्वी मध्यप्रदेश में मानसूनी सिस्टम कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार अभी कुछ दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। रिमझिम बूंदाबांदी का दौर जारी रहेगा। दरमियानी रात से हो रही रुक-रुक कर बारिश बुधवार की सुबह भी जारी रही। वर्षा से सड़कें पानी से तर होती रहीं। पानी बरसने की वजह से सुबह टहलने वाले लोगों की संख्या काफी कम रही। कुछ



लोग छतरी लेकर टहलने निकले, लेकिन जल्दी ही घर वापसी भी हुई। दूसरी तरफ मौसम विभाग ने जबलपुर सहित संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने और कहीं-कहीं भारी वर्षा की चेतावनी जारी की थी, लेकिन फिलहाल तेज बारिश नहीं हो रही है। बुधवार को भी सुबह से सावनी फुहार जारी है। शहर का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आस-पास बना हुआ है। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस रहा। विदित हो कि सीजन में अब तक 558 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। गत वर्ष अब तक 361 मिलीमीटर 1 वर्षा हो चुकी थी।





## कारगिल विजय दिवस पर

# जांबाज सैनिकों के बलिदान का किया पुण्य स्मरण

**जबलपुर यशभारत।** कारगिल विजय दिवस पर मगलवार को शहर में विविध आयोजन हुए। वीर सैनिकों के बलिदान को याद कर उन्हें पुष्पंजली अर्पित की गई। युद्ध स्मारक, 23 जबलपुर कैंट में आयोजित कार्यक्रम में वीर शहीदों को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। समारोह के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल एम. के. दास, पीवीएसएम, एसएम, बीएसएम जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया, ब्रिगेडियर राहुल अनिल गोहाड, स्टेशन कमांडर, जबलपुर सैन्य स्टेशन और जबलपुर सैन्य स्टेशन के वरिष्ठतम जूनियर कमीशन अधिकारी सूबेदार मेजर ( ऑनरेरी लेफ्टिनेंट) मो. इरशाद अहमद खान ने युद्ध स्मारक पर पुष्पमाला अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

कारगिल विजय दिवस पर होली चौक शहीद विक्रम चतरा दवार पर केन्ट विधान सभा के द्वारा कारगिल विजय स्मारक पर केन्ट विधायक अशोक रोहाणी एवं समस्त कार्यकत्ताओं द्वारा शहीदों को याद करते हुए स्मारक में कैंडिल जलाकर श्रद्धांजली अर्पित की गई। केन्ट विधायक अशोक रोहाणी ने बताया की भारत पाक (कारगिल) युद्ध




## भाजपा ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

1999 भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा विजय प्राप्त की। इस युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों की शौर्य गाथा को याद किया गया एवं पुष्प माला से श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में रिंकू विज,सुन्दर अग्रवाल, आशीष राव, संजय वर्मा, श्याम कनौजिया, अंकित फ्रांसिस, राहुल कपूर, श्रीमति पुष्पा तिवारी, श्रीमति उर्मिला विश्वकर्मा, चमन रजक, भूपेन्द्र गौतम, श्रीमति ज्योति प्रजापति शेखर पिल्ले, ज्योति रेड्डी, श्रीमति लता रजक, राजेश श्रीवास, बलराम वाल्मिकी, बढी शिवहरे, आशीष काटकर, अमित कासिम, स्वप्निल पाण्डे, एलविस ग्रेस भरत रजक, रिषन रजक, गौरव रजक, आकाश लिंगम, आदिती राजपूत, अभिषेक विश्वकर्मा, आकाश करोसिया, आकाश मलिक आदि कार्यकत्ता उपस्थित थे।

## बढ़ती जा रही कोरोना की रफ्तार

# जबलपुर में एक्टिव केसों की संख्या 2 सौ के करीब

**जबलपुर,यशभारत।** कोरोना संक्रमण की रफ्तार जिले में बढ़ती जा रही है। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में इस माह के सबसे अधिक 34 नए पॉजिटिव केस मिलने की जानकारी दी गई है। वहीं एक्टिव केसों की संख्या 186 हो गई है जबकि स्वस्थ होने पर 23 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। स्वास्थ विभाग के अधिकारियों ने संक्रमण से बचने कोरोना प्रोटोकाल का पालन जरूरी बताते हुए कहा है कि प्रशासन ने वेक्सीन की बूस्टर डोज लगाने अभियान चलाया है जिसमें नागरिकों से लाभ लेने की अपील है। शासकीय आंकड़ों में अब तक 802 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है। सीएमएचओ डा. रत्नेश कुरारिया ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी उपाय करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संक्रमण को रोकने के लिए टीकाकरण आवश्यक है। कोरोना



संक्रमण की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए बड़े स्तर पर टीकाकरण की तैयारी की गई है। आज कोरोना टीकाकरण का अभियान चलाकर डेढ़ लाख हितग्राहियों को टीका लगाया जाएगा। कलेक्टर डा. इलैयाराजा टी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस महाअभियान में 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी पात्र हितग्राहियों को कोरोना वैक्सीन की तीसरी डोज निश्शुल्क लगाई जा रही है। जिन्हें दूसरी डोज लगवाए छह माह पूरे हो चुके हैं वे अनिवार्य रूप से तीसरी डोज लगवाएं। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 752 टीकाकरण सत्र लगाए जाएंगे। टीकाकरण सत्रों में कोरोना की दोनों वैक्सीन कोविशील्ड और कोवैक्सीन उपलब्ध रहेगी। तीसरी डोज के लिये पात्र व्यक्ति टीकाकरण केंद्र पहुंचकर मौके पर ही पंजीयन करा सकेंगे।नागरिक चाहें तो कोविन पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन भी करा सकते हैं। पंजीयन में आधार नंबर एवं पूर्व में हुए वैक्सीनेशन के समय दर्ज कराए गए मोबाइल नंबर की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक है। इधर, जिला टीकाकरण अधिकारी डा. एसएस दाहिया ने बताया कि केंद्रों में टीकाकरण की व्यवस्था की जा चुकी है। महाअभियान के लिए शासन द्वारा 55 हजार हितग्राहियों का लक्ष्य दिया गया है। परंतु कलेक्टर की पहल पर लगभग डढ़ लाख हितग्राहियों के टीकाकरण की योजना बनाई गई है।



## अकीदत के साथ निकला चादर जुलूस

**जबलपुर यशभारत।** हज़रत सैयद चाँद शाह वली के उर्स पर दोपहर बाद चादर जुलूस निकला, जुलूस खादिमे दरगाह मरहूम वली मोहम्मद खान के निवास स्थान मौलाना साहब की गली से गश्त करते हुए मज़ार शरीफ पहुँचा। जुलूस मे ताहिर खान हाजी वाजिद खान शाकिर खान कलीम खान के साथ तमाम धर्म के लोग शरीक हुए। दरगाह पर परंपरानुशार चादर पोशी की गई। नज़रों न्याज़ के बाद तबरुख तक़सीम किया गया। उर्स शरीफ के मौके पर दरगाह कमेटी की जानिब से कव्वाली का आयोजन मेन रोड कोतवाली बाजार अग्रवाल धर्मशाला के सामने किया गया किया गया है। जिसमे हिंदुस्थान के मशहूर कव्वाल अनीस नवाब कव्वाली प्रस्तुत करेंगे।

## मंगल चंडी मंदिर में महाआरती

**जबलपुर,यशभारत।** विश्व प्रसिद्ध माता मंगल चंडी मंदिर उत्तर मिलौनीगंज गोविंद बल्लभ पंत वार्ड में कांग्रेस परिवार द्वारा माता मंगल चंडी की विशाल महा आरती का आयोजन किया गया। महा आरती



में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ,विधायक वनय सक्सेना ,कांग्रेस परिवार की श्रीमती लवली यादव, साहिल यादव द्वारा महा आरती प्रसाद वितरण झंडा वंदन किया गया जिसमें विधायक द्वारा माता मंगल चंडी मंदिर में प्रवेश द्वार बनाने की घोषणा की गई और भी कई विकास कार्यों की घोषणा की गई। इस महाआरती कार्यक्रम में कांग्रेस परिवार के शेखर तिवारी राजेंद्र सिंह परिहार नंदू सोनी दिलीप साहू बबलू यादव एडवोकेट प्रकाश कोस्टा रवि शर्मा राहुल अग्रहरी परम सिंह ठाकुर जय ठाकुर बीसी ठाकुर एवं क्षेत्र के सम्मानीय नागरिक बंधु माताएं बहने सम्मिलित हुई। मंदिर संस्थापक पंडित सतीश शुक्ला ने सभी को धन्यवाद दिया।

## मुस्कान ने किया गौरवान्वित



**जबलपुर, यश भारत।** केन्द्रीय विद्यालय 1 एसटीसी सदर की छात्रा मुस्कान नायक ने कक्षा 12वीं की परीक्षा कड़ी मेहनत के साथ 93.66 प्रतिशत से उत्तीर्णकी। वे श्रीमती रजनी नायक गणेश शंकर नायक की सुपुत्री है।

## स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, बल्देव बाग शाखा में शपथ ग्रहण समारोह

# पद शक्ति नहीं जिम्मेदारी का द्योतक -पर्व जायसवाल

**जबलपुर,यशभारत।** स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, बलदेवबाग में मंगलवार को छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया इसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके दायित्व सौंपे गए। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुश्री चंदा सोनी (डिस्ट्रिक्ट स्पोर्टस ऑफीसर, जिला शिक्षा विभाग), प्रभात शुक्ला (सी. एस. पी. थाना कोतवाली), सुभाष महाजन की उपस्थिति में किया गया। जिसके अन्तर्गत प्रभात शुक्लाजी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर पर्व जायसवाल के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों ने समूह गायन से की। मुख्य अतिथि सुश्री चंदा सोनी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री पर्व जायसवाल ने





छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पद शक्ति नहीं जिम्मेदारी का द्योतक है। आप इस कर्तव्य का निर्वाहन कुशलतापूर्वक करेंगे। शाला नायिका आरोही ठकार एवं सह शाला नायक मनन खापरे को अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देते हुए प्राचार्या श्रीमती रजनी घई ने शपथ दिलाई।इस दौरान शाला बैंड की शानदार प्रस्तुति के साथ छात्रों ने मार्च पास्ट किया। शपथ ग्रहण समारोह में प्राचार्या ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ , देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ट्रेनों में सक्रिय हुई किन्नर गैंग

## इटारसी-जबलपुर, बिलासपुर ट्रेन रुट पर यात्रियों से कर रही है अवैध वसूली, आरपीएफ की टीम जुटी तलाश में

जबलपुर, यशभारत। अगर आप जबलपुर से भोपाल और बिलासपुर का सफर ट्रेन से कर रहे है तो जरा सावधान रहिए क्योंकि हो सकता है सफर के दौरान आपका सामना ट्रेनों में चल रही किन्नर गैंग से हो जाए। इन दोनों रुट पर इन दिनों किन्नर गैंग सक्रिय है जो कि ट्रेनों में सफर करने



वाले यात्रियों से वसूली करती है। जो यात्री इन्हें पैसे नही देता उनसे कई मर्तबा बदतमीजी भी की जाती है। इटारसी से जबलपुरऔर कटनी से बिलासपुर की तरफ कीअधिकतर ट्रेनों में किन्नर गैंग के सदस्य आप देख सकते है। जनरल कोच से लेकर स्लीपर कोचों में अचानक से ये आ जाते है और फिर यात्रियों से 10 रुपए से लेकर 50 रुपए तक कि डिमांड करते है जो यात्री किन्नरों को पैसे नही देते है उनके साथ अभद्रता भी की जाती है। किन्नर गैंग इटारसी से ट्रेनों में चढ़कर जबलपुर रेलवे स्टेशन के पहले भेड़ाघाट तक रहते है। ट्रेनों में सफर करने वाले यात्री बताते है कि जब तक इन्हें रुपए नहीं मिल जाते तब तक वो पास में ही खड़े रहते है। किन्नरों की हरकत देख कई बार तो बच्चे डर जाते है। जो लोग इनके द्वारा रुपए मांगे जाने का विरोध करते है उनके साथ ये लोग ताली बजाते हुए गाली-गलौज करते हुए अभद्रता करते है। यात्रियों में इतना डर रहता है कि वो शिकायत करने से भी पीछे हो जाते है। जबकि कटनी -बिलासपुर मार्ग पर भी ये किन्नर अवैध वसूली करते दिख जाएंगें।

### आर.पी.एफ ने तैनात की चार से पाँच टीमें,

ट्रेनों में किन्नरो के द्वारा यात्रियों से की जा रही अवैध वसूली की जानकारी जब आर.पी.एफ के वरिष्ठ अधिकारियों को लगी तो उन्होंने जबलपुर-भोपाल के बीच चलने वाली ट्रेनों में चार से पाँच टीम तैनात की है जो कि किन्नर गैंग पर नजर बनाए हुए है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अरुण त्रिपाठी ने बताया कि हमारी टीम किन्नर गैंग को पकड़ने में जुटी हुई है।





# प्राकृतिक संसाधनों को वैल्यू के रूप में समझेंगे तो पर्यावरण प्रबंधन आसान होगा- डॉ. एस. डी. उपाध्याय

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन की सदप्रेरणा एवं मार्गदर्शन में सतत् उत्कृष्ट सोपान स्थापित हो रहे है। इसी तारतम्य में मंगलवार को नाहेप परियोजना के अन्तर्गत एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। मेडीकेप यूनिवर्सिटी इंदौर के अधिष्ठाता कृषि संकाय एवं विश्वविद्यालय के भूतपूर्व संचालक शिक्षण एवं फारेस्टो विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस. डी. उपाध्याय द्वारा पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के वृद्धि एवं विकास विषय पर अपना व्याख्यान दिया। इस दौरान डॉ. एस. डी. उपाध्याय ने बताया कि प्रकृति समस्त संसाधन वन, भूमि, जल, फसल, वायु आदि को वैल्यू के रूप में समझेंगे, एवं सभी की सर्विस को समझकर इसका मूल्यांकन करेंगे, तो हमारे पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन में सहजता होगी। हमारी समस्त संसाधन हमारी धरोहर का सरंक्षण हेतु पृथ्वी के प्रत्येक मानव की महती जिम्मेदारी है।नाप द्वारा आयोजित इस विशेष व्याख्यान माला में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय जबलपुर डॉ. ए. के. सरावगी, कृषि आभियांत्रिकी संकाय अधिष्ठाता डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, नाहेप प्रमुख डॉ. आर. के. नेमा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस. बी. दास एवं नोडल अधिकारी, ई. एस. पी. आदि द्वारा सराहनीय प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। ताकि समसमायिक विषयो कषि के नवाचार का व्यापक लाभ कृषि विषय के छात्र-छात्राओं, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं हमारे अन्नदाता कृषकों को प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम की आवश्यकता व उपयोगिता विषय पर स्वागत उद्बोधन डॉ. एस. बी. दास, नाहेप कार्यक्रम समन्वयक ने किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डॉ. ए. के. सरावगी ने कहा कि वसुंधरा के संरक्षण हेतु प्रत्येक मानव को छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर कार्य करेंगे तो हमारी धरती फिर से स्वर्ग हो जायेगी। कार्यक्रम का संचालन कु. अंजली पटेल आभार प्रदर्शन डॉ. एस. के. अवस्थी द्वारा किया गया। इस विशेष व्याख्यान के दौरान, कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान के संचालक डॉ. एस. बी. नाहतकर, सूचना एवं जनसमपर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल, डॉ. ए. के. बाजपेयी. डॉ. एबाल, डॉ. रामाकृष्णन, डॉ. विजय यादव, डॉ. मरावी. श्री आलोक राजपूत एवं बड़ी संख्या में छात्र - छात्राओं की उपस्थिति रही।

**नाहेप के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं संसाधनों के वैल्यू विषय पर विशेष व्याख्यान**

## शैक्षणिक एवं अन्य क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को पदक से सम्मानित किया गया

**जबलपुर ,यशभारत।** संभागीय बाल भवन द्वारा शैक्षणिक क्षेत्र में 75प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बाल कलाकारों को सम्मानित किया गया। सीबीएसई पाठ्यक्रम में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने के लिए के लिए कुमारी उन्नति तिवारी राजवर्धन पटेल अभिनव पांडे, सेलिना बर्नाड गर्व शीतल जैन कुमारी कल्याणी नेमा, कुमारी पारुल वाघ, शिखा पटेल कुमारी अदिति पटेल तथा बाल कवियत्री कुमारी शर्मिष्ठा दास गुप्ता को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।





## सीए से सत्यापन नहीं कराया तो जुलाई माह का रुकेगा वेतन

# बघराजी के प्रभारी प्राचार्य ने संकुल के सभी कर्मचारियों को फरमान

**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक योगेन्द्र दुबे जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है कि संकुल केन्द्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघराजी के प्रभारी प्राचार्य ने संकुल के सभी कर्मचारियों को फरमान जारी किया है कि कर निवारण वर्ष 2022 2023 का रिर्टन फाइल कर उनके चहेते सी ए मिश्रा से टी डी एस फार्म नम्बर 17 पार्ट (सी रूल्स 31 (1) (इ) सत्यापित कराने के पश्चात प्रमाण पत्र 28 तरीख तक उनके कार्यालय में जमा करें अन्यथा उनका इस माह का वेतन नहीं निकाला जावेगा। मोर्चा पदाधिकारियों ने बताया है कि भारत सरकार के आयकर विभाग प्रमाण पत्र. सेक्सन 203 इनकम टेक्स एक्ट 1961 के अर्न्तगत वेतन से काटी गई राषि का पत्र मान्य है। बधराजी के संकुल प्राचार्य के द्वारा एक ही सीए से हस्ताक्षर वाला प्रमाण पत्र मांगना पूर्णतः गलत है। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के विश्वदीप पटैरिया, नरेश शुक्ला, संतोष मिश्रा, प्रशांत सोधिया, देव दोनेरिया, योगेश चौधरी, मुकेष मरकाम, रविकांत दहायत, अजय दुबे, प्रदीप पटैल, मुकेश चतुर्वेदी, योगेन्द्र मिश्रा, नरेन्द्र कुमार चौहान, विनोद साहू, बल राम नामदेव, नरेन्द्र सैन, संदीप नेमा, गोविन्द विल्थरे, मंसूर वेग ने प्राचार्य के इस तरह के प्रमाण पत्र माँगने की कार्यवाही को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल रोका जाना चाहिए थ लेकिन वह इसे नजर अंदाज कर रहे है। मोर्चा पदाधिकारी इस कार्य को भारत सरकार के आदेष का उलंघन करने वाली कार्यवाही मान कर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी और बधराजी प्राचार्य को तत्काल निलम्बत करने की माँग की है।

## तृतीय क्रमोन्नति की सूची जारी की जाए-मांग

मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ ने तीस वर्ष की क्रमोन्नति सूची जारी करने की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि षिक्षा विभाग में कार्यरत जिन शिक्षकों ने अपनी सेवा के 30 वर्ष पूंर्ण कर लिए हैं वे तृतीय (तीसरी) क्रमोन्नति पाने के इंतजार में हैं। परंतु 30 वर्ष की सेवा पूंर्ण करने के छः माह बीत जाने के बावजूद भी पात्र षिक्षकों की सूची जारी नहीं हुई जिससे षिक्षक कर्मचारियों में रोष व्याप्त हैं। संघ के स्टेनली नॉर्बर्ट, दिलीप सिंह ठाकुर, दिनेष गौंड़, राकेश श्रीवास, हेमंत ठाकरे, एनोस विक्टर, रॉबर्ट फ्रांसिस, धनराज पिल्ले, सुनील झारिया, योगेश ठाकरे, उमेश सिंह ठाकुर, रऊफ खान, विनय रामजे, विनोद सिंह, आदि ने जिलाशिक्षा अधिकारी से मांग की है कि सभी संकुल प्राचार्यों से 30 वर्ष की सेवा पूंर्ण कर चुके शिक्षकों का क्रमोन्नति प्रस्ताव मंगा कर अतिषीघ्र क्रमोन्नति की सूची जारी की जाए।

## सैंकडों व्याख्याता एवं लिपिक समयमान वेतनमान से वंचित*

म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया की जबलपुर संभाग के सैंकड़ों व्याख्याता जो 30वर्षों कि निरंतर सेवा उपरांत तृतीय समयमान के पात्रता रखते हैं किन्तु आदेश जारी होने की बाट जोहते हुए सेवा निवृत्त होते जा रहे हैं तथा इसी प्रकार संभाग में सैंकडों ऐसे लिपिक संवर्ग के लोक सेवक हैं जिनकी एक ही पद पर एक ही वेतनमान में 10 अथवा 20 वर्ष एवं 30 वर्षों की सेवायें पूर्ण हुए एक वर्ष से अधिक समय व्यतीत हो गया है किन्तु उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ दिये जाने संबंधी आदेश संयुक्त संचालक कार्यालय की उदासीनता के चलते जारी नहीं हो पा रहे हैं। समयमान वेतनमान के इंतजार में कई व्याख्याता एवं लिपिक संवर्ग के लोक सेवक सेवा निवृत्त होते जा रहे हैं।

# जब जीआरपी ने खंगाला सीसीटीवी फुटेज तो पीड़िता के पास घूम रहा था बदमाश

## कब्जे से सोने चांदी के जेवरात सहित एक लाख का माल बरामद

**जबलपुर यश भारत। रेलवे स्टेशन पर आने वाले मुसाफिरों का कीमती सामान मौका मिलते हैं पार करने वाले एक साथ बदमाश जीआरपी ने दबोच कर उसे सलाखों के पीछे कर उसके पास से सोने चांदी के जेवरात सहित एक लाख का माशूरका बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की उक्त मामला पश्चिम मध्य रेल के अंतर्गत आने वाले सतना जीआरपी का है।**

इस संबंध में सतना जीआरपी प्रभारी गोविंद प्रसाद त्रिपाठी में जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पिता रामआशीष त्रिपाठी निवासी ग्राम चन्द्रीपुर थाना बबुरी जिला चन्दौली उ.प्र. के अपने परिवार के साथ वागेश्वर धाम छतरपुर दर्शन करके मुसाफिर खाना रेल्वे स्टेशन सतना मे रात्री में आकर सो गये थे, उनके सोते समय अज्ञात बदमाश फरियादी की पत्नी का लेडिज पर्स जिसमे रखे सोने के जेवरात 2 मोबाइल कागजात कीमती 70,000/- रू. का मसरूका चोरी कर लिया था। फरियादी की रिपोर्ट पर अप.क्रं. 048-168/22 धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध होने पर पुलिस अधीक्षक रेल विनायक वर्मा द्वारा टीम गठित की जाने पर दौराने विवेचना के मुसाफिर खाना मे लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरा चेक करने पर सातिर चोर निगरानी बदमाश अजय उर्फ रामजी सेन पिता राजकिशोर सेन उम्र 24 साल निवासी विमतहा थाना अजयगढ़ जिला पन्ना म.प्र. का फरियादी के आस-पास घूमता दिखा जिसके ऊपर संदेह होने पर तलास किया गया बदमाश अजय सेन मुख्यत्यार गंज मे मिला जिससे घटना के संबंध में पूछताछ पर चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी किया गया लेडिज पर्स 02 एन्ड्राइड महंगे मोबाइल, सोने-चाँदी के जेवर, अंगुठी सुईधागा बिछिया आदि कुल कीमती 70,000/- रू. का सामान बरामद किया गया है एवं अन्य 02 मोबाइल ओप्पो कंपनी के बदमाश अजय गोंड उर्फ रामजी सेन के पास मिले जिनके बारे मे पूछताछ करने पर ट्रेनों मे चोरी करना बताने पर चोरी की शंका मे धारा 41(1-4) जा.फौ./379 भादवि के तहत जप्त किये गये है। जीआरपी ने बताया कि इसी तरह से फरियादी विपिनचन्द्र पिता गणेश प्रसाद अग्रवाल निवासी चुरहट जिला सीधी ने रिपोर्ट किया कि पूणे जाने के लिये स्टेशन आकर मुसाफिर खाना मे सो गया था सोते समय अज्ञात व्यक्ति बैग कागजात मोबाइल ओप्पो कंपनी का चोरी कर लिया था रिपोर्ट पर से अप.क्रं. 049/22 धारा 379 भादवि का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया जाकर चोरी गया मोबाइल ओप्पो कंपनी का जप्त किया गया बदमाश के पास से कुल मसरूका करीबन 1,00,000/- रू. का बरामद किया गया है आरोपी अदतन अपराधी है आरोपी के विरूद्ध पूर्व मे भी चोरी, लूट व अन्य 12 अपराध पंजीबद्ध है। टीम मे प्र.आर. विनोद गौतम, दयाचंद्र तिवारी, संजय मांझी, आर. अशोक कुमार, जितेन्द्र सिंह, गणेश तिवारी की विशेष भूमिका रही है पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर द्वारा टीम को नगद इनाम देने की घोषणा की गयी है/

# बूस्टर डोज लगवाने उमड़े जागरूक लोग



## श्री दत्त भजन मंडल और बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल द्वारा दो दिवसीय शिविर



**जबलपुर,यशभारत।** कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव के पहले वैक्सीनेशन जन-महाअभियान के तहत श्री दत्त भजन मंडल और बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में कोरोना वैक्सिनेशन का बूस्टर डोज लगाने के लिए दो दिवसीय दत्त मंदिर गोलबाजार में शुरू हुआ। शिविर का शुभारंभ पूर्वान्ह में सदानंद गोडबोले पूर्व महापौर तथा राजीव बड़ेरिया, प्रबंध संचालक,बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल ,पूर्व महापौर डॉ स्वाती गोडबोले,डॉ शिरीष नायक और महाराष्ट्र समाज के वरिष्ठ सेवी अरूण देशमुख द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मौके पर बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के डायरेक्टर सीएसआर डॉ सुनील मिश्रा भी मौजूद रहे। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए पहला वैक्सीनेशन का जन महा-अभियान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ प्रातः 9:00 बजे से शुरू हुआ। जबलपुर जिले में कुल 431 टीकाकरण केन्द्र बनाये गए हैं इनमें 135 शहरी क्षेत्र में तथा 296 ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण केन्द्रों में टीके लगाए जा रहे हैं। इस महाअभियान में एक लाख लोंगों को टीके लगाये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

## खमरिया में अजब-गजब धोखाधड़ी

# आईफोन की जगह साबुन रखकर डिलेवरी ब्यॉय को लौटाया, जांच जारी

**जबलपुर, यशभारत।** खमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रियदर्शिनी कॉलोनी में धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें डिलेवरी ब्यॉय से पार्सल लेकर आरोपी ने लौटा दिया। लेकिन उसमें आई फोन की जगह साबुन रखा मिला। जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर, विवेचना में लिया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रियांशु आनंद 20 वर्ष निवासी बड़ा पत्थर रांझी ने लिखित शिकायत देते हुए बताया कि वह ई-कार्ट में वेंडर ग्रेव में काम करता हूं। 6 जुलाई 2022 को उसे 47 हजार 28 रूपये का एक आई फोन डिलेवरी करने के लिये दिया गया था। कस्टमर ने उसे डिलेवरी देने के लिये प्रियदर्शनी कॉलोनी बुलाया था। उसने पहुंचकर दोबारा कस्टमर के मोबाइल नम्बर पर कॉल किया तो उसने कहा कि 15-20 मिनिट लगेंगे। उसके बाद उसका भाई आया और उसे 10 हजार रूपये देते हुए कहने लगा कि बाकी के रुपये आनलाईन करूंगा। अपनी बहन से मोबाइल लेकर आता हूं। कहकर डिलेवरी वाला मोबाइल लेकर चला गया। लगभग 3-4 मिनिट बाद वापस अपनी बहन के साथ आया तथा डिलेवरी वाला मोबाइल उसे वापस करते हुये उसके हाथ से 10 हजार रूपये वापस ले लिए और कहा कि 2 मोबाइल आने वाले थे मैं दोनों मोबाइल एक साथ लूंगा। वह पार्सल वाला मोबाइल लेकर वापस अपने आफ्सि पहुँचा और ले जाकर अपने आफिस में जमा करा दिया। लेकिन उसके बाद आफिस से उसके पास कॉल आया तथा उसे बताया कि जो डिलवेरी वाला मोबाइल जमा किया गया है उस डिब्बे में साबुन निकला है। मोबाइल नही हैं तब उसने आफ्सि जाकर देखा डिलेवरी वाले डिब्बे में मोबाइल के स्थान पर साबुन पैक था।

# गोरखपुर में थप्पड़ मारने का बदला लेने पेट में घोंपा था चाकू

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर की चौकी रामपुर में चाकूबाजी की घटना के बाद पुलिस ने 4 किशोरों को दबोच लिया है। पीड़ित युवक के साथ आरोपियों का झगड़ा पुराना है। जिसमें पहले पीड़ित ने मुख्य आरोपी को थप्पड़ मार दिया था, जिसका बदला लेते हुए आरोपी ने अपने तीन साथियों के साथ पेट में चाकू घोंपकर फरार हो गया था। जानकारी अनुसार पुलिस को शनी ठाकुर 19 वर्ष निवासी जिलहरी घाट मुरदैया थाना ग्वारीघाट ने बताया कि उसका दोस्त अमर सिंह राजपूत डीजे का काम करता है जिसने रामनगर रामपुर मे मिलने हेतु रजनी टेण्ट हाउस के पास बुलाया था। वह अमर सिंह से मिलकर अपने बड़े भाई संतोष ठाकुर के घर पैदल माण्डवा बस्ती रामपुर जा रहा था। तभी 17 वर्षिय युवक अपने तीन साथियों के साथ खड़ा था। जिसने उसे आवाज देकर बुलाया, वह पास गया तो युवक ने कहा कि उस दिन मारा था, आज तुझे जान से मार दूंगा और चाकू से हमलाकर कर दिया। इतना ही नहीं तीनों साथियों ने जान से मारने की नियत से उस पर चाकू से हमलाकर बुरी तरह घायल कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने सरगर्मी से तलाश कर प्राणघातक हमला करने वाले चारों 16-17 वर्षिय किशोरों को अभिरक्षा में लेते हुये पूछताछ कर घटना मे प्रयुक्त चाकू की बरामदगी के प्रयास जारी है।



# आयुर्विज्ञान यूनिवर्सिटी के आदेश डिग्री के लिए 28 तक करें आवेदन

**जबलपुर, यशभारत।** मप्र आयुर्विज्ञान यूनिवर्सिटी कुलसचिव डॉक्टर प्रभात बुधौलिया ने एक पत्र जारी कर कहा कि 30 जुलाई को दीक्षांत समारोह आयोजित होना है जो विद्यार्थी डिग्री प्राप्त करना चाहते हैं वह 28 जुलाई तक शाम 5 बजे तक गूगल लिंक से आवेदन करें। डिग्री की फीस 3 हजार रूपए है।

# शिशु रोग विभाग मेडिकल कालेज द्वारा ओ. आर. एस. जागरुक सप्ताह



**जबलपुर,यशभारत।** शिशु रोग विभाग मेडिकल कालेज द्वारा बच्चा विभाग में ओ. आर एस जागरुक सप्ताह मनाया जा रहा है। उल्टी दस्त के समय ओआरएस और जिंक की महत्ता बताने के उद्देश्य से यह सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ जैसे कि पोस्टर बनाना, नुक्कड़ नाटक, नारा (स्लोगन) लिखना, क्विज प्रतियोगिता एमबीबीएस एवं नर्सिंग छात्रों द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। आज के कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता के साथ-साथ ओआरएस जीवन रक्षक घोल को सही तरीके से बनाने एवं पिलाने की विधि को अभिभावकों के सामने प्रदर्शित किया गया। विभागध्यक्ष डॉ मोनिका लाजार, डॉ अव्यक्त अग्रवाल, एवं मुख्यअतिथि डॉ प्रियदर्शिनी तिवारी ने डीन डॉ. गीता गोईन की उपस्थिति में अभिभावकों को उल्टी दस्त में होने वाले निर्जलिकरण एक उसके बचाव के लिए ओआरएस घोल को यही समय पर एवं सही अनुपात में इस्तेमाल करने की सलाह दी कल इसी श्रृंखला में नाट्य मंचन नुक्कड नाटक का आयोजन होगा। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ आशा तिवारी एवं डॉ प्रतिभा बामेन द्वारा किया गया।

**आवश्यकता है**

**शिवाय इण्डस्ट्रीज इण्डस्ट्रीयल**
ऐरिया रिछाई मार्केटिंग के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है।
**ऑफिस:** 1350 रानीताल बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर, (मप्र)
**मो. 9340164699**
**9770727890**

**यदि आप नौकरी पाना चाहते हैं**

अपने कौशल के साथ दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करें
**9009985689,**
**9131406684**
योग्यता कम से कम 12 वीं पास उम्र 18 से 27 वर्ष

# मोबाइल के रुपये मांगने पर घोंप दिया चाकू

## आरोपी ने कहा- डॉन हूं मैं



जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल के अजीजगंज में मोबाइल रुपये मांगने पर आरोपी ने पीड़ित युवक पर प्राणघातक हमला कर, बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। आरोपी ने कहा- वह इलाके का डॉन है और रुपये किसी के देता नहीं है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि मोह. शहबाज 22 वर्ष निवासी अजीजगंज पसियाना ने पुलिस को बताया कि जब वह अपने दोस्त नावेद के पास गया था। तभी सुब्बाशाह मैदान में मुज्जसिर खड़ा था। पीड़ित ने बताया कि पहले मोबाइल का लेन देन का पैसा बाकी था, उसने पैसा मांगा तो गाली गलौज करने लगा। उसने गालियां देने से मना किया तो मुज्जसिर ने किसी नुकीली चीज से हमलाकर बुरी तरह घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

# प्रेमी ने घर में ले जाकर किया दुष्कर्म

**3 साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग, प्यार के जाल में फांसकर इज्जत कर दी तार-तार**

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल के सुहागी में बलात्कार का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें आरोपी प्रेमी ने युवती को प्यार के जाल में फांसकर दुष्कर्म किया और फिर जब पीड़िता ने शादी का दबाव डाला तो साफ मुकर गया। जिसके बाद पीड़िता अपने परिजनों के साथ महिला थाने पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को सुहागी से दबोच लिया। जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने मामले की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि 24 वर्षीय युवती निवासी धनवंतरीनगर ने रोते हुए पुलिस को बताया कि लंबे समय से देवी सिंग बागरी 26 साल निवासी सुहागी से जान पहचान थी। जिसके बाद आरोपी ने युवती का फोन नंबर ले लिया और फिर रात-रातभर घंटों बातें होती रहीं। लेकिन उसके बाद आरोपी बार-बार युवती से मिलने की जिद करने लगा।

### जॉब करती है युवती

पुलिस ने बताया कि पीड़िता जॉब में है। आरोपी अपने मंसूबों को अंजाम देने के लिए पहले तो युवती के ऑफिस के चक्कर काटता रहा और फिर एफबी और फोन से संपर्क कर, बड़ी ही होशियारी के साथ अपने झूठे प्रेम में फांस लिया।

### घर दिखाने के बहाने की अभद्रता

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने युवती को अपना घर दिखाने के बहाने जबरद अपने घर सुहागी ले गया। जहां अपने बेडरुम में जबरद बलात्कार किया और जब युवती ने विरोध किया तो शादी करने का झांसा देकर मुंह बंद करा दिया। लेकिन बाद में मुकर गया। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को सुहागी से दबोच लिया है। जिससे पूछताछ जारी है।

# पत्नी गई चाय बनाने पति झूल गया फांसी पर

**जबलपुर यश भारत।** गोसलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोड़ी कला ग्राम में आज सुबह उस समय एक 31 वर्षीय युवक ने उस समय फांसी का फंदा बनाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली जब उसकी पत्नी नीचे चाय बनाने के लिए आई हुई थी जब काफी देर तक कमरे से बाहर निकला तो पत्नी ऊपर कमरे में जाकर देखी तो पति फांसी पर झूल रहा था इस घटना की खबर जैसे ही मोहल्ले के लोगों को लगी तो कुछ ही देर में घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई मौजूद लोगों द्वारा इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी/

इस घटना के संबंध में गोसलपुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पौड़ी कला ग्राम का रहने वाला 31 वर्षीय सुधीर रामदेव पिता राजकुमार नामदेव काफी दिनों से पेट दर्द से परेशान था इस बीच उसने अनेकों जगह उपचार की किराया किंतु उसको कहीं आराम नहीं लगा विगत 3 दिन से उसको पुनः तकलीफ होने लगी जिसकी पीड़ा से परेशान होकर आज सुबह सुधीर नामदेव ने उस समय यह आत्मघाती कदम उठा लिया जब उसकी पत्नी नीचे चाय बनाने के लिए गई हुई थी पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना को विवेचना में लिया है/

**Section 1, Notice Inviting e-Tenders**
**Jabalpur Municipal Corporation, PWD_Department**

**N.I.T. No. /e-tendering/PRO/302** **Dated : 26.07.2022**

Online percentange rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria :

| S. No. | Work | District (s) | Probable Amount | Copmletion Period (Months) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि महेश योगी वार्ड अंतर्गत अधारताल मुख्य रोड के किनारे खुले नाले को कवर्ड करने का कार्य (2nd Call) | जबलपुर | 914572/- (नौ लाख चौदह हजार पांच सौ बहत्तर) | 4 माह |
| 2 | दीवान आधार सिंह वार्ड अंतर्गत पचमठा मंदिर रोड के किनारे गंदे पानी को रोकने हेतु नाला निर्माण (2nd Call) | जबलपुर | 3742750.00/- (सैंतीस लाख बयालीस हजार सात सौ पचास) | 3 माह |
| 3 | संभाग क्रमांक 07 अधारताल निर्मल चंद जैन वार्ड महात्मा गांधी संस्था से बमबम किराना के बीच छूटे हुए हिस्सें के कच्चे नाले का निर्माण कार्य। (2nd Call) | जबलपुर | 17850595.00/- (एक करोड़ अठहत्तर लाख पचास हजार पांच सौ पंचानवे) | 12 माह |

(1) Interested bidders can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in. (2) The Bid Document can be purchased only online from Date 29.07.2022 (time) 10.30 AM to Date 12.08.2022 (time) 5.30 (date). (3) Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper. (4) SOR Shall be applicable as under **Road & Bridges** and **Building works** UADD SOR enforce from 02.08.2021.

**Executive Engineer Zone ......, Jabalpur Municipal Corporation**

# पहले दबाया गला फिर फांसी का फंदा बनाकर लटका दिया पत्नी को



## भागने के पूर्व पुलिस ने आरोपी पति को दबोचा

जबलपुर यश भारत। घर में पति पत्नी के बीच आए दिन हो रहे विवाद के कारण पति ने पत्नी के साथ पहले लात घूसो से मारपीट की उसके बाद गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया बाद में पुलिस से बचने के लिए उसने घर में ही फांसी का फंदा बनाकर पत्नी को लटका दिया वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति सारी रात घर पर ही रहा और अलसुबह होते ही मौके से फरार हो गया उक्त घटना जिले के मझगवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिखली ग्राम की है।

इस घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चिखली ग्राम की रहने वाली 32 वर्षीय उर्मिला पटेल का आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर उसके पति श्री राम उर्फ रामु पटेल से विवाद होता रहता था आए दिन हो रहे इस विवाद के कारण पति ने पत्नी को अपने रास्ते से अलग करने का विचार बनाया और 6 जून 2022 की दरमियानी रात दोनों के बीच में उन्हें विवाद की स्थिति निर्मित हुई जिसके कारण आरोपी पति श्री राम द्वारा पत्नी उर्मिला के साथ मारपीट की उसके बाद गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया बाद में पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका दिया यह पूरा घटनाक्रम करने के बाद आरोपी पति पूरी रात अपने घर पर ही रहा और सुबह होते ही वह मौके से फरार हो गया सुबह जब ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी लगी थी उनके द्वारा पुलिस को सूचना दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू की गई दौरान विवेचना के पुलिस को मिली पीएम रिपोर्ट मृतका के बच्चों एवं परिजनों के कथन के उपरांत यह बात पुस्ट हुई की आरोपी श्री राम ने इस पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर किया गया उक्त कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल के निर्देशन पर सिहोरा एसडीओपी भावना मरावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लोकमान अहिरवार एएसआई जयराम सैयाम आरक्षक देवराज आकाश सोनकर आदि की हां टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी करने के लिए निर्देशित किया गया इस दौरान उक्त टीम को आरोपी के मोबाइल की लोकेशन पनागर थाना क्षेत्र में मिलते ही टीम तत्काल हरकत में आई और मौके पर पहुंची तो आरोपी श्री राम पटेल ने मौके से भागने का प्रयास किया जिसे बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच कर सलाखों के पीछे कर दिया।

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील आधारताल, जबलपुर**
राप्रक्र/0212/अ-6/2022-2023
जबलपुर दिनांक 26/7/2022

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनीषकुमार शर्मा पिता श्री गोपाल प्रसाद शर्मा निवासी राम मंदिर अनूपपुर जैतदरी अनूपपुर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 5/9 में से रकवा 122 वर्गफुट भूमि पर श्रीमती श्वेता शर्मा पति श्री मनीष कुमार शर्माकी मृत्यु दिनांक 11.10.2019 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 5/8/22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 26.7.2022
पेशी दिनांक 5.8.2022

**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई,**
**सिविल लाईन गणेश चौक कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) 483501**

दूरभाष नंबर:- 07622-401753 ई-मेल आई.डी.- dpepiukatni@gmail.com
एन.आई.टी. नंबर- 14/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सा/एपीडी/ दिनांक- 19.07.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड आनलाईन प्राप्त की जावेगी। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2022_PWPIU_212267 | जिला कटनी में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, उप कोषागार एवं उप पंजीयक हेतु समग्र कार्यालय भवन का निर्माण (द्वितीय आमंत्रण) | कटनी | 466.74 | 466800 | 15000 | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत | 18 माह वर्षाकाल सहित | अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. साउथ सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.) |
| 2 | 2022_PWPIU_212278 | जिला कटनी के अंतर्गत शेष कार्यो हेतु जोनल निविदा का कार्य। (नौवा आमंत्रण) | कटनी | 49.80 | 50000 | 5000 | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत | 12 माह वर्षाकाल सहित | अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. साउथ सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.) |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 25.07.2022 (समय सुबह 9:00) से दिनांक 05.08.2022 (समय शाम 6:00) तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी बिड केवल ऑनलाईन दिनांक 05.08.2022 को सांयकाल 06:00 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे।
5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-14737/22

**संभागीय परियोजना यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू.कटनी (म.प्र.)**

# राष्ट्रीय राजमार्ग 12 में आधा दर्जन से अधिक पुल पुलियों की पिचिंग धसी

## सड़क में कई जगह दरारें

**भोपाल ( यश भारत )।** जयपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 12 में सीडीएस कम्पनी की ओर से बनाया गया 49 किमी का पूरा पैच को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा है। इस राजमार्ग में केवल कलियासोत पुल की एप्रोच रोड ही घटिया नहीं बनाई गई बल्कि इस पूरे हिस्से में बने पुल-पुलियों की फिलिंग मानकों के अनुसार नहीं की गई, जिसके चलते इनकी पिचिंग धंसती जा रही है। कलियासोत हादसे के बाद नवदुनिया ने मंगलवार को राजमार्ग के पूरे हिस्से को जायजा लिया तो हालात चौंकाने वाले निकले। राजमार्ग के मिसरोद से बिनेका तक के 49 किलोमीटर लंबे हिस्से को सीडीएस कम्पनी ने 529 करोड़ की लागत से बनाया है। इस हिस्सों में तीन बड़ी नदिया कलियासोत, बेतवा और वारना आती हैं जबकि एक दर्जन से अधिक छोटे बरसाती नाले आते हैं, जिन पर पुल पुलियों का निर्माण किया गया है। मंडीदीप के पास कलियासोत नदी के पुल की एप्रोच रोड रविवार देर रात करटन वाल ढहने से 50 मीटर के हिस्से में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। सड़क की दरारों में साफ दिख रहा है कि फिलिंग काली मिट्टी से की गई है। जब इसी मार्ग पर औबेदुल्लागंज की ओर जायजा लिया गया तो कई सभी पुलियों के हालत



ऐसे ही मिले। बेतवा नदी के पुल के नजदीक की मिट्टी भी धसक रही है। यहां 10 से 15 फिट लंबी दरारें सड़क पर एक सप्ताह पहले हो गई हैं, जिस पर किसी ने ध्यान नही दिया एक ट्रक फंसने के बाद ग्रामीणों ने सड़क पर पत्थर रख दिए है। नयापुरा मेवाती के पूर्व सरपंच इरशाद खान एवं भाजपा नेता मुनव्वर पटेल ने बताया कि हमने इसकी शिकायत भी की है पर अभी तक किसी ने ध्यान ही नही दिया।

### सनोटिया गांव के पास धंस रही पुलिया

इसी मार्ग में औबेदुल्लागंज बायपास के सनोटिया गांव एवं सिंधी केम्प के पास की नदी और नाले पर बने दोनों पुलों की पिचिंग भी धस कर बहने लगी है। इसका जायजा लेते समय ग्रामीणों ने बताया कि क्या यहाँ भी मंडीदीप जैसी घटना का इंतजार किया जा रहा है? इस मार्ग पर चार किमी के हिस्से में दर्जनों स्थानों पर सड़क बैठी मिली।वहीं कई जगह लंबी-लंबी दरारे वाहन चालकों को मुंह चिढ़ाती नजर आ रही है। इन दरारों को कम्पनी के कर्ताधर्ताओं ने कही डामर तो कही कंक्रीट से भर कर अपनी गलतियां छुपाने की कोशिशें जरूर की परन्तु सफल नहीं हो सके।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण

रायसेन कलेक्टर अरविंद कुमार दुबे ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ कलियासोत पुल एवं मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान नवदुनिया ने पूछा तो उन्होंने प्राथमिकता के आधार धंसी सड़क और पुल-पुलियों के स्वयं निरीक्षण की बात कही इधर मंडीदीप में कलियासोत नदी के सर्विस मार्ग पर तेजी से सुधार कार्य जारी है।



# सुब्रतो कप में भोपाल को दो दोहरी सफलता, जीता अंडर 14 व 17 का खिताब

### अंडर 14 में भोपाल के डेविड सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर बने

### वहीं भोपाल के लम्जीनबा प्लेयर आफ द टूर्नामेंट चुने गए

**भोपाल ( यश भारत )।** शहडोल में आयोजित राज्यस्तरीयसुब्रतो कप फुटबाल टुर्नामेंट में भोपाल ने शानदार प्रदर्शन किया, बालक वर्ग के अंडर 14 के फाइनल में भोपाल ने इंदौर को 4-1 से पराजित कर खिताब पर अधिकार जमाया। वहीं अंडर 17 में भोपाल के लड़को ने कमाल दिखाया और फाइनल में जबलपुर को 3-0 से पराजित कर खिताब जीता। अंडर 14 के बालक वर्ग के फाइनल में भोपाल टीम ने जोरदार प्रदर्शन किया, पूरे समय भोपाल के खिलाड़ी छाए रहे। भोपाल के लिए कालोश, गोल्डसन, शरीफ खान व लम-?जीनबा ने एक एक गोले किए। इसके गोल की मदद से भोपाल ने एकतरफा जीत दर्ज की। भोपाल के डेविड सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर बने। वहीं भोपाल के लम्जीनबा प्लेयर आफ द टूर्नामेंट चुने गए। अंडर 17 बालक वर्ग में भोपाल ने रीवा पर आसानी से 3-0 से जीत दर्ज की। विजेता टीम के लक्ष्य परिहार ने दो शानदार गोल किए। वहीं एक गोल रोशन ने दागा। भोपाल टीम के कोच इब्राहिम बक?श व नीतिश नैयर तथा अश्विन तिवारी मैनेजर बने। भोपाल टीम के साथ तकनीकी अधिकारी बनकर अजीत गिल गए थे। उन्होंने कहा किह हमारी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उल्लेखनीय है कि भोपाल की जीत में कमलादेवी पब्लिक स्कूल केडीपीएस का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने अपने यहां फुटबाल की बेहतीन सुविधा उपलब?ध करा रखी है।

# अब खुलने लगेगा मौसम, भारी वर्षा के आसार नहीं



**भोपाल ( यश भारत )।** अलगङ्कअलग स्थानों पर सक्रिय तीन मौसम प्रणालियों के असर से राजधानी सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में वर्षा का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में पिछले 24 घंटों के दौरान मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक रायसेन में 81.6, मंडला में 50.3, भोपाल में 42.7, धार में 23.1, गुना में 22.6, रतलाम में 22, रीवा में 18.8, खंडवा में 17.4, सतना में 14, उज्जैन में 13, खजुराहो में 10.4, सीधी में 9.4, ग्वालियर में 8.8, उमरिया में 7.2, इंदौर में 5.7, मलाजखंड में 5.2, नौगांव में 5.2, खरगोन में 3.6, बैतूल में 3.2, सागर में 2.6, जबलपुर में 2.4, नरसिंहपुर में दो, नर्मदापुरम में एक, छिंदवाड़ा में एक एवं सिवनी में 0.6 मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मानसून ट्रफ अब देश के उत्तरी भाग की तरफ खिसकने लगा है। इस वजह से अब वर्षा की गतिविधियों में कमी आने लगेगी। राजधानी में भी दोपहर बाद छिटपुट बौछारें पड़ सकती हैं। साथ ही दिन के तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य रहा। यह सोमवार के न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 0.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मंगलवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम रहा था। साथ ही यह सोमवार के अधिकतम 25.7 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 0.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी एचएस पांडे ने बताया कि वर्तमान में पूर्वी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर मप्र, पूर्वी विदर्भ एवं छत्तीसगढ़ से होते हुए रायलसीमा तक एक ट्रफ बना हुआ है। मानसून ट्रफ फलौदी, अजमेर, शिवपुरी, सीधी, अंबिकापुर, बालासोर से होकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। इन तीन मौसम प्रणालियों के कारण वर्षा हो रही है। पांडे के मुताबिक मानसून ट्रफ के उत्तर की तरफ जाने के आसार हैं। इस वजह से बुधवार से राजधानी सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में वर्षा की गतिविधियों में कमी आने लगेगी।

# संत हिरदाराम नगर के हर्ष आसवानी ने पावर लिफ्टिंग में प्रदेश में पहला स्थान मिला

**भोपाल ( यश भारत )।** इसे ब्रम्हलीन स्वामी हिरदाराम जी के आशीर्वाद का प्रताप कहा जाएगा कि यहां की छात्र प्रतिभाएं जहां पढ़ाई में नित नए आयाम स्थापित कर रही हैं, वहीं खेलों में भी अब संत हिरदाराम नगर का नाम देश में रोशन होने लगा है। यहां के होनहार विद्यार्थी हर्ष आसवानी ने पावर लिफ्टिंग में मध्यप्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इससे पूर्व वे भोपाल जिले में पहले स्थान पर रहे थे। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश पावर लिफ्टिंग एसोसियेशन द्वारा इंदौर में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में हर्ष आसवानी ने जूनियर 120 भार वर्ग में कुल 456 किलोग्राम वजन उठाकर प्रदेश पहला स्थान प्राप्त किया है। वे कपड़ा व्यापारियों की अग्रणी संस्था थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के कार्यसमिति सदस्य युवा समाज सेवी अनिल अन्नू आसवानी के सुपुत्र हैं।



### केरल में करेंगे प्रदेश की पावर लिफ्टिंग टीम का प्रतिनिधित्व

हर्ष आसवानी ने बताया कि उन्हें यह सफलता अपने माता पिता, दादा जी के लगातार उत्सावर्धन एवं कठिन परिश्रम के कारण मिली है। अब उनकी नजर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने की है। यह प्रतियोगिता 10से 14 अगस्त तक केरल में खेली जाएगी जिसमें हर्ष आसवानी मध्यप्रदेश की पावर लिफ्टिंग टीम का प्रतिनिधित?व करेंगे। इस उपलब्धि पर सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के संरक्षक रमेशलाल आसवानी, प्रकाश मीरचंदानी, ईश्वरदास हिमथानी, संस्थापक नानक चंदनानी, अध्यक्ष एनडी खेमचंदानी, महासचिव सुरेश जसवानी, उपाध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, जगदीश आसवानी, नरेश चोटरानी, संत नरेश पारदासानी, वरिष्ठ समाज सेवी हीरो ज्ञानचंदानी, जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, कपड़ा एसोसियेशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल ईसरानी, महासचिव दिनेश वाधवानी, पूर्व अध्यक्ष रमेश जनयानी, मूलचंद वीधानी, अखिल भारतीय तेन्दु पत्ता व्यापारी संघ के अध्यक्ष बीडी चंदनानी, पंडित नारायण शर्मा, समाज सेवी अशोक हिमथानी, संजय आसवानी, पूज्य सिंधी पंचायत के भरत आसवानी आदि ने बधाई देते हुए अपेक्षा की है कि हर्ष आसवानी राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे।

# नया अभयारण्य बनाया, एक को किया समाप्त


**भोपाल ( यश भारत )।** टाइगर स्टेट मध्य प्रदेश को एक और नया अभयारण्य मिला है। राज्य शासन द्वारा प्रसिद्ध पेंच टाइगर रिजर्व के सीमावर्ती वन क्षेत्र को शामिल करते हुए नवीन कर्माझिरी अभयारण्य का गठन किया गया है। इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही शिवपुरी के करेरा अभयारण्य को डिनोटिफाई किया गया है। एक अभयारण्य नया बनने और एक अभयारण्य को समाप्त किए जाने से प्रदेश में कुल अभयारण्यों की संख्या 24 ही रहेगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) जसबीर सिंह चौहान ने बताया कि नवगठित कर्माझिरी अभयारण्य में सिवनी जिले के 1410.420 हेक्टेयर वन क्षेत्र को शामिल किया गया है। इस अभयारण्य के गठन से टाइगर रिजर्व के प्रबंधन को मजबूती मिलेगी। शाकाहारी एवं मांसाहारी वन्य-प्राणियों को अतिरिक्त रहवास स्थल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही प्रदेश में वन्य-प्राणी बहुल क्षेत्र को शामिल करते हुए संरक्षित क्षेत्र के रकबे में वृद्धि होगी।

### करेरा अभयारण्य हुआ डिनोटिफाइड

राज्य शासन ने भारत सरकार से प्राप्त स्वीकृति के बाद एक और महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी करते हुए शिवपुरी जिले के करेरा में 202.21 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बने वन्य-प्राणी अभयारण्य को समाप्त कर दिया है। इससे इस क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। उल्लेखनीय है कि करेरा वन्य प्राणी अभयारण्य का गठन 1981 में सोन चिड़िया के संरक्षण के लिये किया गया था। इसमें केवल राजस्व और निजी भूमि शामिल थी। अभयारण्य की अधिसूचना के बाद से अधिसूचना में शामिल भूमि के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगा था। क्षेत्र की जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही थी कि इस अभयारण्य को डिनोटिफाई किया जाए। वर्ष 1992 के बाद इस क्षेत्र में सोन चिरैया नहीं देखी गई। स्थानीय जनता एवं जन-प्रतिनिधियों की माँग पर राज्य शासन द्वारा केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेज कर सहमति माँगी गई थी। सहमति प्राप्त होने पर राजपत्र में अधिसूचना जारी कर इसे डिनोटिफाई कर दिया गया है।

## गृह मंत्री बोले बीटेक छात्र ने कभी कोई आपत्तिजनक पोस्ट नहीं की, लैपटाप पुलिस ने जब्त किया

**भोपाल, यशभारत।** ओरिएंटल कालेज के बीटेक के छात्र निशांक राठौर की मौत का मामले में गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि उसके इंटरनेट मीडिया के माध्यमों की पुलिस ने जांच पूरी कर ली है। उसने कभी इस प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट नहीं की है। वह क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करता था। उसके घर से एक लैपटाप भी जब्त किया गया है। फिलहाल इस मामले में पुलिस की एसआइटी जांच कर रही है। इसमें अतिरिक्त् पुलिस अधीक्षक , तीन डीएसपी, चार टीआइ को शामिल किया गया है। जो जल्द से ज्ल्द इस मामले में अपनी रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को देंगे।



# नेहरू नगर व मेंडोरी गांव तक मगरमच्छ पहुंचने से हड़कंप

### वनकर्मियों की आहट पाते ही कूद जाते है तालाब में

**भोपाल ( यश भारत )।** नेहरू नगर व मेंडोरी गांव में इन दिनों मगरमच्छ से हड़कंप मचा हुआ है। लोग डरे-सहमे हैं। नेहरू नगर में पुरानी सब्जी मंडी तक पहुंचे एक मगरमच्छ को तो पकड़ा जा चुका है लेकिन इस क्षेत्र में और भी मगरमच्छ होने की आशंका से लोग परेशान है। यह भदभदा से लगा हुआ इलाका है, जहां पहले भी मगरमच्छ बाहर निकल चुके हैं। वहीं मेंडोरी गांव के पास तालाब से बाहर देखे जा रहे मगरमच्छ को पांच दिन से चल रही पकड़ने की कोशिशें मंगलवार देर रात तक विफल रही है। दरअसल, भोपाल के आसपास मगरमच्छ की सक्रियता बढ़ गई है। मंगलवार को 13 शटर गेट के पास मगरमच्छ के कुछ बच्चे देखे गए हैं, जो गेट से तालाब की ओर वाले हिस्से में खाली जमीन पर घूम रहे थे।

### वन विहार में छोड़ा

नेहरू नगर क्षेत्र में पुरानी सब्जी मंडी तक दाखिल हुए एक मगरमच्छ को 18 व 19 जुलाई की मध्य रात्रि में पकड़ लिया था। उसे वन विहार में छोड़ा गया है।

### तब 20 मगरमच्छ मिले थे

कलियासोत, भदभदा व बड़े तालाब क्षेत्र में मगरमच्छ की अच्छी खासी संख्या है। मई व जून माह में हुए एक सर्वे में भदभदा क्षेत्र में 20 मगरमच्छ मिले थे।इसके बाद जून माह के आखिरी सप्ताह में यहां मगरमच्छ के बच्चों को भी देखा गया था। अब तेज वर्षा सीजन में ये आसपास के रहवासी क्षेत्रों में देखे जा रहे हैं।

### अटल बिहारी संस्थान तक पहुंच चुके

डेढ़ वर्ष पहले भी कुछ मगरमच्छ भदभदा से निकलकर अटल बिहारी संस्थान तक पहुंच गए थे, जिन्हें पकड़कर वन विहार नेशनल पार्क में छोड़ा गया था।

### वन विभाग ने यह सलाह दी

भदभदा के आसपास रहने वाले लोग सतर्क रहें। रात में बाहर निकले तो पैदल चलने से बचे। वाहनों से आना-जाना करें। घर से बाहर निकले तो टार्च रखे। अकेले बिल्कुल न निकलें। मेंडोरी गांव के ग्रामीणों को सलाह दी है कि तालाब में नहाने से बचे। कपड़े धुलने जाएं तो सतर्क रहे। मगरमच्छ दिखे तो वन विभाग को 9424790553, 9424790552 पर सूचना दें।

**भोपाल के नजदीक पूर्व से मगरमच्छ की मौजूदगी है। टीमों को सतर्क कर दिया है। लोगों को भी सतर्क रहने की समझाइश दे रहे हैं।**
**- आरएस भदौरिया, एसडीओ, भोपाल सामान्य वन मंडल**

# चोरी छुपाने के लिए ईडी की जांच प्रक्रिया को प्रभावित कर रही कांग्रेस -विष्णुदत्त शर्मा

**भोपाल ( यश भारत )।** सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में कांग्रेस जो सत्याग्रह कर रही है, वह ड्रामेबाजी से ज्यादा कुछ नहीं है। वास्तव में कांग्रेस अपनी इन हरकतों से सरकार और जांच एजेंसी के ऊपर दबाव बना रही है, ताकि वह घबराकर इस मामले से हाथ खींच ले। अगर कांग्रेस पार्टी राहुल और सोनिया गांधी को ईमानदार मानती है, तो उसे इस ड्रामे की बजाए नेशनल हेराल्ड मामले की सच्चाई देश की जनता को बताना चाहिए। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कांग्रेस द्वारा किए जा रहे कथित सत्याग्रह पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद 70 सालों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस पार्टी का लोकतांत्रिक तौर-तरीकों से कुछ भी लेना देना नहीं रहा है और यह पार्टी एक परिवार के अधिनायकवाद पर चलती रही है। कांग्रेस का यह परिवार खुद को देश, उसके संविधान और संवैधानिक संस्थाओं से भी ऊपर मानता रहा है। इसीलिए कांग्रेस नेताओं और इस परिवार के सदस्यों के लिए निर्वाचन आयोग, सुप्रीम कोर्ट, संसद, सीबीआइ और केंद्रीय मंत्रिमंडल जैसी संवैधानिक संस्थाओं की कोई हैसियत नहीं रही है और इस परिवार के लोग सार्वजनिक रूप से इन संस्थाओं का अपमान करते रहे हैं। लेकिन अब जब राहुल गांधी और सोनिया गांधी को ईडी की पूछताछ का सामना करना पड़ रहा है, तो इन्हें यह बात अखर रही है और इसलिए कांग्रेस अपनी ड्रामेबाजी से ईडी पर दबाव बनाना चाहती है।



# भोपाल में महंगी हुई सब्जियां, फलों के भी भाव बढ़े

**भोपाल ( यश भारत )।** राजधानी व आसपास के जिलों में हो रही वर्षा का असर सब्जी व फल की आवक पर पड़ने लगी है। खेतों में लगी सब्जियां खराब होने लगी हैं। किसान पर्याप्त मात्रा में ट्रांसपोर्टरों व व्यापारियों के सहयोग से करोंद, भदभदा, सीहोर नाका सब्जी मंडी सहित शहर की चारों तरफ की सीमाओं पर सब्जियां नहीं पहुंचा पा रहे हैं। इससे जून की तुलना में सब्जियों के दामों में 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो गई है। वहीं, वर्षा के कारण हिमाचल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटका सहित अन्य प्रदेशों से आने वाले फल भी करोंद सब्जी मंडी तक पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे फलों के भाव भी बढ़े हुए हैं। फलों के भाव बढ़ने का दूसरा कारण सावन का महीना भी है, क्योंकि सावन महीने में सोमवार के दिन लोग उपवास के दौरान फलों का सेवन करते हैं। इससे फलों की 10 प्रतिशत तक खपत बढ़ने से फलों के दाम बढ़ गए हैं। बिट्टन मार्केट हाट बाजार के अध्यक्ष हरिओम खटीक ने बताया कि वर्षा में हर साल सब्जी व फलों की आवक 30 से 40 प्रतिशत कम हो जाती है। इससे दाम बढ़ जाते हैं, जिसका सीधा असर लोगों की जेब पर पड़ता है। अभी एक महीने तक सब्जी व फल महंगे रहेंगे। इसके बाद सब्जी व फलों के बढ़े हुए भाव से राहत मिलेगी। वहीं कोलार के फुटकर सब्जी विक्रेता अविनाश राजपूत ने बताया कि करोंद मंडी में सब्जी व फलों की आवक कम है। सब्जियां वर्षा में भीग जाने से खराब भी जल्दी हो रही हैं। करोंद सब्जी मंडी से शहर के चारों तरफ सब्जी व फल जाते हैं। ऐसे में जो इलाके करोंद मंडी के पास हैं, उनमें सब्जी व फलों के थोक के भाव से फुटकर में 10 से 20 रुपये अधिक रहता है। वहीं करोंद से कोलार, भेल, नर्मदापुरम रोड 20 से 30 किलोमीटर दूरी के इलाकों में फुटकर सब्जी व फल विक्रेताओं का लोडिंग वाहनों का किराया या फिर खुद के वाहन से जाने पर पेट्रोल का खर्च होने से लोगों तक 40 रुपये प्रतिकिलो महंगी सब्जियां व फल मिल पाते हैं।

# कोरोना में अनाथ हुए 35 से ज्यादा विद्यार्थी करेंगे यूजी-पीजी की नि शुल्क पढ़ाई

**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश के 1324 निजी और सरकारी कालेजों में आगामी सत्र 2022-23 की जारी गाइडलाइन में कोरोना से अनाथ बच्चों को निश्शुल्क प्रवेश की सुविधा दी गई है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने भी आदेश जारी किए थे। चौथे चरण की काउंसलिंग जारी है। इसमें कोविड में अनाथ कई विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। अभी तक 35 से ज्यादा ऐसे विद्यार्थियों के प्रवेश कालेजों में हो चुके हैं, जिनके माता-पिता की मृत्यु कोविड के कारण हो गई है। उच्च शिक्षा विभाग के कालेजों में यूजी-पीजी में ये विद्यार्थी निश्शुल्क पढ़ाई कर डिग्री लेंगे। यूजी में करीब 24 से ज्यादा और पीजी में 10 से अधिक अनाथ विद्यार्थियों के प्रवेश हुए हैं। इसमें करीब सात विद्यार्थी भोपाल के हैं। विभाग ने इन विद्यार्थियों का प्रवेश पहली प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए हैं।

### विभाग के गाइडलाइन में यह है उल्लेख

विभाग ने गाइडलाइन में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ऐसे विद्यार्थी जिनके माता-पिता का निधन एक मार्च से 30 जून तक कोरोना के कारण हुआ है, ऐसे 21 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चों को सरकारी, अनुदानित कालेज और विश्वविद्यालय के यूजी कोर्स में निश्शुल्क प्रवेश दिया जाएगा। उन्हें वार्षिक शुल्क, मैस के भुगतान के अलावा काशनमनी में राहत दी जाएगी। अध्ययनरत होने की स्थिति में विद्यार्थी की आयु 24 वर्ष तक पात्र मानी जाएगी। वहीं निजी विश्वविद्यालय और कालेजों की फीस का निर्धारण प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति द्वारा किया जाता है। ऐसे कालेजों की फीस या 15 हजार जो भी हो, उसका भुगतान बाल हितग्राही के आधार लिंक्ड बैंक खाते में की जाएगी। वर्तमान में कोई विद्यार्थी अगर प्रवेशरत है। उसे भी इस योजना का फायदा दिया जाएगा।



### बड़े शहरों में अधिक हुए अनाथ बच्चों के प्रवेश

कोविड में अनाथ हुये विद्यार्थियों के प्रवेश बड़े शहरों के कॉलेजों में हुए हैं। विभाग के पास यूजी-पीजी के जिन तीन दर्जन प्रवेश के आंकड़े हैं, वह बड़े शहरों के हैं। संभवत- छोटे शहरों के विद्यार्थियों को इसकी संपूर्ण जानकारी नहीं होने के कारण विभाग के पास आंकडे नहीं हैं।

## जर्जर शाला व्यवस्थाओं की खोल रही पोल

# घंसौर में टपकती छत के नीचे छाता लगाकर पढ़ने को मजबूर बच्चे

**सिवनी यश भारत। सिवनी जिले में एक ऐसा नजारा देखने को मिला है। जिसने विकास के तमाम वादों की पोल खोल दी है। मध्य प्रदेश सरकार लगातार आदिवासी बाहुल्य विधानसभा क्षेत्रों में विकास के बड़े-बड़े दावे करते नजर आती है और उन दावों में जर्जर भवन टूटती छत की तस्वीरें नजर आना आम बात हो गई है।**

आदिवासी बाहुल्य ब्लाक का मामला- सिवनी जिले के लखनादौन विधानसभा अंतर्गत आदिवासी क्षेत्र के विकास खंड घंसौर का यह स्कूल ब्लाक मुख्यालय से महज 7 किलोमीटर दूर प्राथमिक शाला खैरी कला संचालित होता है।

### वर्षो पुराना है स्कूल भवन-

बरसों पुराने इसी स्कूल में स्थिति बद से बदतर हो चुकी है।स्कूल जर्जर हो चुका है।लेकिन छात्रों को अध्ययन तो करना है।

छाता लगाकर पढने को मजबूर-

इस स्कूल की बिल्डिंग इतनी जरजर हो गई है कि छत से पानी लगातार टपक रहा है।और मजबूरन छतरी लगाकर छात्र अध्ययन करते नजर आ रहे हैं।

### सरकार के दावों की खुल रही पोल

सरकार विकास के तमाम वादे कर रही है।लेकिन उनकी जमीनी हकीकत इस स्कूल को देखकर समझ मे आती है।टपकती छत के नीचे बैठकर छतरी लगाकर अध्ययन करने वाले यह छात्र प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित होने वाली उन योजनाओं को प्रदर्शित कर रहे हैं। जो धरातल तक नहीं पहुंची है।

### बच्चे के सिर पर गिर चुका है छत का टुकडा

इस मामले में शाला समिति के अध्यक्ष शेख रुस्तम मंसूरी का कहना है कि एक बार बच्चे की सिर पर प्लास्टर का टुकड़ा गिर गया था। कई बार शिकायत भी की गई।लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।ऐसे में पानी बरसता में दीवारे गिरने कीआशंका है।वहीं भीकम सिंह परते अभिभावक ने बताया कि भवन की स्थिति काफी जर्जर है। पानी पूरा भरा रहता है। अभिभावक डर के कारण बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। किसी भी हादसे की आशंका बनी हुई है।




### कैसे साकार होगा सीएम राइज

### स्कूल का सपना-

सरकार द्वारा निजी स्कूलों से बेहतर विद्यालय बनाने के लिए सीएम राइज स्कूल खोलने की बात कही जा रही हैं।जो प्राइवेट स्कूलों को टक्कर देंगे।लेकिन ऐसे में कैसे यह सपना साकार होगा इस पर सवालिया निशान खडे हो रहे हैं।

### डर के साये में बच्चे-

घंसौर विकास खंड का स्कूल जर्जर हो चुका है।जिसकी टपकती छत की तरफ बच्चों का ध्यान अधिक रहता है।जहाँ छात्रों को डर के साये में पढाई करने पड रहा है।अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से भी डर रहे हैं।

### स्कूल प्रबंध के आवेदन के बाद भी नही दिया गया ध्यान-

स्कूल प्रबंधन का कहना है कि स्कूल की इस स्थिति से अधिकारियो को अवगत कराया गया तथा कई बार मरम्मत के लिए आवेदन दे चुके हैं।लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### बीआरसी ने दी सफाई-

घंसौर के बीआरसीसी देवी लाल सेन का कहना है कि स्कूल परिसर काफी जर्जर है। इसकी मरम्मत के लिए प्रस्ताव हम जिला शिक्षा केंद्र को भेज चुके हैं। जैसे ही स्वीकृत होकर राशि आएगी हम मरम्मत करा देंगे।








# भाजपा की नगर सरकार बनना तय

## कौन बनेगा नगर का प्रथम नागरिक

**गाडरवारा( यश भारत )।** नगरीय निकाय में भाजपा ने 19 वार्ड से चुनाव जीतकर स्पष्ट कर दिया है कि नगर सरकार भाजपा की बन रही है कांग्रेस मात्र 5 वार्डों में जीत हासिल कर सकी थी अप्रत्यक्ष प्रणाली से नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव होना है पार्षदों द्वारा अध्यक्ष का चुनाव होगा चुनाव परिणाम आये एक सप्ताह से ज्यादा हो गया है लेकिन अभी तक भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अध्यक्ष पद के लिए कोई भी एक नाम का चयन नही किया है जिससे नगर की जनता के मन मे लगातार उत्सुकता बनी हुई है कि पालिका अध्यक्ष का ताज किसके सर पर होगा जिस बहुमत से जनता ने भाजपा पार्षदों को स्पष्ट बहुमत देकर दमदार स्थिति में नगरपालिका में पहुँचाया है उसके हिसाब से जनता की उत्सुकता और जनता की पसंद का अध्यक्ष बनाया जाना जाय ? होगा । हालांकि सोशल मीडिया पर नगर पालिका अध्यक्ष के नामों को लेकर काफी चर्चा चल रही हैं अब देखना होगा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व किस पार्षद के नाम का चयन अध्यक्ष पद के लिए करता है गौरतलब हो कि गाडरवारा नगरपालिका के अध्यक्ष पद की दौ ? में भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष रानी लक्ष्मीबाई वार्ड के पार्षद पंडित शिवाकांत मिश्रा, भगतसिंह वार्ड के पार्षद आनंद दुबे,कामथ वार्ड पार्षद चन्द्रकांत शर्मा यह तीनों नाम प्रबल दावेदार माने जा रहे है वही पूर्व नपा उपाध्यक्ष राजेंद्र बाबू वार्ड पार्षद कमल खटीक, महाराणा प्रताप वार्ड पार्षद श्रीमती पूजा राधा मोहन तिवारी, शास्त्री वार्ड पार्षद शुभम सुनील राजपूत का नाम भी नगर पालिका अध्यक्ष की दौड़ में चल रहा है द्य राजनैतिक विशेषज्ञ बताते है कि इस बार ब्राम्हण समाज को नेतृत्व का मौका नगरपालिका अध्यक्ष के रूप में मिलेगा द्य जब इस संदर्भ में भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष जैन से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि पूर्ण बहुमत के साथ 24 मे 19 पार्षद भाजपा की जीत कर आए हैं भाजपा के वरिष्ठ नेता चिंतन के साथ रायशुमारी कर रहे हैं नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए जिस पार्षद के नाम पर मोहर लगेगी वह अध्यक्ष पद का प्रत्याशी होगा द्य भाजपा संगठन की गाइड लाइन पर चलकर नवनिर्वाचित भाजपा के सभी पार्षद उसे समर्थन करेंगे।

## रविंद्र साहू निर्विरोध उपसरपंच बने



**कुंडम, यशभारत।** आज कुंडम ग्राम पंचायत में उपसरपंच का चुनाव संपन्न हुआ रिटर्निंग ऑफीसर नेहा जैन के निर्देशन पर उपसरपंच का चुनाव ग्राम पंचायत कार्यालय कुंडम में होना निर्धारित किया गया जिस पर सभी ग्राम पंचायत कुंडम के पंचों द्वारा रविंद्र साहू उर्फ चुन्नू को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया ग्राम पंचायत कुंडम उपसरपंच पर पदस्थ होने पर रविंद्र साहू चुन्नू को समस्त ग्राम वासियों ने बधाई दी रविंद्र साहू चुन्नू के निर्विरोध उपसरपंच चुने जाने पर कुंडम ग्राम वासियों ने हर्ष व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं दी!

## कमलेश यादव उप सरपंच बने




कुंडम, यशभारत। ग्राम पंचायत सदाफल में कुल 12 वार्ड में उपसरपंच पद के प्रत्याशी कमलेश यादव तो दूसरी ओर मनीष बर्मन ने फॉर्म भर कर अपना-अपना बहुमत दिखाया जिसमें मनीष बर्मन को कुल 6 वोट हासिल हुई तो दूसरी तरफ कमलेश यादव को 7 वोट मिले जिसमें कमलेश यादव 1 वोट से जीत हासिल की ग्राम पंचायत सदाफल का चुनाव बड़े ही शांति पूर्वक संपन्न हुआ ग्राम के लोगों ने कमलेश यादव को फूल माला पहनाकर बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी!

## दिनेश जायसवाल उप सरपंच बने



कुंडम, यशभारत। कुंडम जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत इमलई राजा से उप सरपंच पद के प्रत्याशी दिनेश जायसवाल (बल्ली जायसवाल) ने 14 वार्ड मेंबर में 11 वोट प्राप्त कर विजय घोषित विजय घोषित होने पर सरपंच हेमराज झारिया ने उपसरपंच को बधाई दी एवं उपसरपंच दिनेश जायसवाल ने समस्त वार्ड मेंबरों एवं ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किया!

## उपसरपंच के चुनाव में धांधली ग्राम वासियों ने की कार्यवाही की मांग




कुंडम, यशभारत। ग्राम पंचायत झिरमिला में हुए उपसरपंच के चुनाव में ग्राम के लोग एवं पंच गढ़ लिखित शिकायत में बताया है कि चुनाव में धांधली एवं डरा धमका कर दबाव देकर चुनाव करवाए गए ग्राम पंचायत झिरमिला के ग्रामवासी तहसील कुंडम आऐ और एसडीएम कुंडम एवं सीईओ को लिखित शिकायत की और जिला कलेक्टर इलैयाराजा टी.से मांग की है कि झिरमिला ग्राम पंचायत के उपसरपंच का चुनाव सही तरीके से करवाया जाए और कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही कि जाए!

## नर्मदा तट मुआरघाट में साप्ताहिक संगीतमय महाआरती का आयोजन किया गया

**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव नगर की धार्मिक संस्था मां रेवा सेवा महाआरती समिति गोटेगांव के तत्वाधान में समीपवर्ती नर्मदा तट मुआरघाट में संगीतमय साप्ताहिक महाआरती एवं माँ नर्मदा की पूजन अर्चन पंडित राजेंद्र प्रसाद जी के आचार्यत्व मैं समिति सदस्यों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान के साथ जगत जननी मां नर्मदा जी की संगीतमय महा आरती एवं भगवान भोलेनाथ के पूजन अर्चन कमल सिंह राजपूत सिवनी वालों की ओर से महाआरती सम्पन हुई मां की महिमा का गुणगान किया तत्पश्चात क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा देवी गीतों की अनुपम प्रस्तुति दी गई जिसकी उपस्थित श्रद्धालु जनों ने मुक्त कंठ से सराहना की एवं कलाकारों का करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया

## बच्चों में धार्मिक संस्कार संत समागम से समय पर आ सकते हैं



**पनागर, यशभारत।** बच्चों के जीवन में धर्म की शुरुआत संत समागम से ही संभव है घर में माता-पिता आदि के द्वारा धार्मिक संस्कार बातें या सीख शायद समझ ना पाए या स्वीकार न कर पाए किंतु मुनिराज की धर्म सभा में मिलने वाले उपदेशों से उनमें धर्म के प्रति रुचि आती है वह धार्मिक रुचि ही बच्चों की चतुर्मुखी विकास करने वाली होती है।उपरोक्त उदगार परम पूज्य आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज जी के परम शिष्य अर्हम योग प्रणिता मुनि प्रणम्य सागर महाराज जी ने शांतिनाथ भगवान दो भव पूर्व हुए विदेह क्षेत्र के तीर्थंकर धनरथ के पुत्र मेघरथ की जन्म की कथा का वाचन करते हुए व्यक्त किए। मुनि श्री ने आगे यह भी कहा कि प्रत्येक घर में सभी परिजनों को मिलकर प्रतिदिन स्वाध्याय आदि करनी चाहिए वर्धमान स्त्रोत तत्वार्थ सूत्र मेरी भावना और बारह भावना आदि के पाठ करने चाहिए कार्यक्रम के प्रारंभ में मंगलाचरण छोटू जैन ने किया कार्यक्रम का संचालन राहुल बड़कुल ने किया मुनि श्री का पाद प्रक्षालन अमित मोदी के परिवार के द्वारा किया गया।

## कुंडम में कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान प्रारंभ

कुंडम, यशभारत। आज बुधवार को कोविड-19 महाभियान केंद्र सरकार के द्वारा फिर से बढ़ रहे कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के लिए 18 वर्ष से ऊपर की उम्र के लोगो को तीसरा डोज ( बूस्टर डोज) लगाने के लिए मनाया जा रहा है , जिसमे covishield / एवं cova&in वैक्सीन दोनों के तीसरे डोज ( बूस्टर डोज) लगाए जाएंगे ,जिसके लिए कुंडम ब्लॉक के सभी 18 वर्ष के ऊपर वाले उम्र के लोगो से आग्रह है कि सभी लोग कोविड- 19 वैक्सीन का तीसरा डोज खुद भी लगवाए और अपने परिवार के सभी लोगो को लगवाए ताकी कोरोना वायरस के संक्रमण से हम सभी लोग सुरक्षित रह सके और दूसरों मै ये बीमारी ना फैले इसके लिए दिनांक 27/07/2022 के लिए पूरे कुंडम ब्लॉक में 41 वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए है जिसका माइक्रोप्लान प्लान भी बनाया गया है वैक्सीनेशन का समय सुबह 9ः00 बजे से सामको 5ः00 बजे तक रखा गया है!

## लोक शिक्षा ही है भगवान के चरित्रों का उद्देश्य -स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी



**गोटेगांव, यशभारत।** भगवान अनेक रूप धारण कर धर्म की रक्षा के लिए आते हैं धर्म रक्षा के साथ ही सा भगवान के अवतार का प्रमुख उद्देश्य लोक शिक्षा होता है ब्रह्मा जी द्वारा अपनी मानस पुत्री देवी सरस्वती के प्रति कामनावान होने की लीला भी लोक शिक्षा के ही परम उद्देश्य से हुई है उक्त उद्गार स्वामी श्री 1008 अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अपने चैत्र मास प्रवचन के अंतर्गत ब्रह्मा जी का चरित्र सुनाते हुए उपस्थित जन समुदाय के समक्ष व्यक्त किए स्वामी श्री ने आगे कहा कि लोक में लोग वही करते हैं जो कार्य अपने से बड़ों को करता हुआ देखते हैं ब्रह्मा जी की लीला में लोगों को यह देखने को मिलता है की लोक पितामह ब्रह्मा भी अपनी पुत्री पर आसक्त होते हैं तो उनकी निंदा होती है अत: किसी भी पिता को अपनी पुत्री को कामशाव से नहीं देखना चाहिए ब्रह्मा जी की इसी लीला का परिणाम है कि आज भी कोई पिता अपनी पुत्री के सौंदर्य पर रीझता नहीं अपितु उसके चरित्र पर गौरव करता है ब्रह्मा जी की पत्नी वह सरस्वती नहीं है जो उनकी पुत्री है अपितु वे हैं जो माता राजराजेश्वरी द्वारा मणिद्वीप में ब्रह्मा जी को शक्ति संपन्न बनाने के लिए दी गई थी वही ब्रह्माणी कहलाती हैं ।

### बच्चों में माता पिता के संस्कार स्वतः आ जाते हैं।

ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी ने कहा कि साधना के मार्ग में आगे बढ़ने के लिए आहार शुद्धि परम आवश्यक है अन्य जल की शुद्धि से ही साधक के संस्कार उत्तम बनते हैं यदि माता-पिता अन्य जल की शुद्धि के विषय में सतर्क रहें तो ही संस्कारी बालक उत्पन्न हो सकता है ब्रह्मचारी जी ने दो पाकेटमारो की कहानी सुनाई दोनों ने मिलकर चोरी करने का काम करने लगे कुछ दिन बाद चोरनी को लड़का हुआ बच्चा मुट्ठी बांध के पैदा हुआ पर मुट्ठी खोलता ही नहीं था जब दादी ने सोने की चेन दिखाई तो मुट्ठी खोलकर चैन पकड़ने लगा पता चला कि डॉक्टर की अंगूठी बच्चे की मुट्ठी में थी । जगतगुरु शंकराचार्य जी महाराज की पादुकाओं का पूजन श्यामनगर निवासी श्री चन्नी पटेल ने किया मंगलाचरण यज्ञ दुबे और भजन प्रस्तुति श्री दशरथ यादव जी ने दी मंच का संचालन ब्रह्मचारी ब्रह्म विद्यानंद जी ने किया धन्यवाद ज्ञापन परमहंसी गंगा आश्रम के व्यवस्थापक पंडित श्री सुंदरलाल पांडे जी ने किया जगतगुरु कुलम के छात्रों ने अग्रणी रहकर कार्यक्रमों का आनंद लिया ।



## आत्मवस्तु में न सुख है न दुख : स्वामी सदानंद सरस्वती जी

**गोटेगांव, यशभारत।** लोग संसार में रहकर कभी सुख तो कभी दुख भोग रहे हैं यह सुख और दुख ना चाह कर भी हमें भोगने पड़ते हैं इन्हें भोगने के लिए हम परतन्य हैं यह इसलिए क्योंकि हम उस आत्म वस्तु को भूल गए है जिसमें सुख और दुख दोनों ही नहीं भासते हैं उक्त उद्गार ज्योतिष पीठ और द्वारका शारदा पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के प्रमुख दंडी संन्यासी शिष्य स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती जी महाराज ने परमहंसी गंगा आश्रम स्थित छात्र मासिक धर्म मंच से समुपस्थित श्रोताओं के मध्य गीता प्रवचन करते हुए व्यक्त किए पूज्य स्वामी जी ने आगे कहा कि दो वस्तुएं हैं एक है वित्र दूसरा है चित्र मित्र को फैलाओ और चित्र को समैटो होना इसका उल्टा चाहिए चित्र को संजोना है एकाग्र करना है ध्यान धारणा के द्वारा और वित्र को दानादि के द्वारा छोड़ना चाहिए जो चीज मरने के बाद छूट नहीं है उसे होशो हवास में छोड़ना उत्तम नीति है आत्म तत्व का ज्ञान हो जाने पर सुख और दुख का कोई तात्पर्य नहीं रह जाता है यह तब तक ही हमें प्रभावित करते हैं जब तक हम शरीर को भी आत्मा समझकर संसार में भटक रहे हैं अपने आपको स्थूल सूक्ष्म शरीरों से परे आत्मा के रूप में जैसे ही आप जानेंगे वैसे ही सुख-दुख पीछे छूट जाएंगे ।

# जल संरक्षण से पर्यावरण को बढ़ावा देने पमरे अग्रणी



**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल जल सरंक्षण से पर्यावरण सरंक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रमुख मुख्य अभियन्ता के नेतृत्व में मण्डलों के वरिष्ठ अधिकारी एवं इंजीनिरिंग विभाग द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में प्रमुख स्टेशनों पर 07 डब्लूआरपी (वॉटर रिसाइकिल प्लांट), 08 एसटीपी (सिवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट) एवं 01 ईटीपी (एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) सहित कुल 16 प्लांटों में 62 लाख लीटर से अधिक उपयोग किये गए पानी को पुन: रिसाइकिल कर उपयोग किया जा रहा है। इस प्लांट के रिसाइकल्ड पानी का उपयोग वाशिंग पिट लाइनों पर कोचों की धुलाई और स्टशनों एवं कार्यालयों के बगीचे की बागवानी के लिए किया जा रहा है।

### डब्लूआरपी (वॉटर रिसाइकिल प्लांट)

तीनों मण्डलों के जबलपुर, कटनी, सतना एवं इटारसी में 600 केएलडी क्षमता के वॉटर रिसाइकिल प्लांट और भोपाल एवं कोटा में 1000 केएलडी क्षमता के वॉटर रिसाइकिल प्लांट तथा सवाईमाधोपुर में 300 केएलडी क्षमता के वॉटर रिसाइकिल प्लांट से कुल 4700 केएलडी यानि 47 लाख लीटर पानी को रिसाइक्लिंग किया जा रहा है।

### एसटीपी (सिवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट)

तीनों मण्डलों के जबलपुर में 600 केएलडी क्षमता के सिवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट, सागर एवं रानी कमलापति में 300 केएलडी क्षमता के सिवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट, मैहर एवं कोटा में 100 केएलडी क्षमता के सिवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट और सवाईमाधोपुर में 20 केएलडी क्षमता के सिवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट, रामगंजमण्डी में 10 केएलडी क्षमता के सिवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट तथा बूंदी में 05 केएलडी क्षमता के सिवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट से कुल 1435 केएलडी यानी 14 लाख लीटर से अधिक पानी को रिसाइक्लिंग किया जा रहा है।

### ईटीपी (एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट)

जबलपुर में 120 केएलडी क्षमता के एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट से पानी को रिसाइक्लिंग किया जा रहा है। कोचों की धुलाई के लिए उपयोग किये जाने वाले पानी को ईटीपी (एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) के माध्यम से ट्रीट किया जा जाता है, जिसे रिसाइकिल और पुन: उपयोग किया जाता है। इन प्लांटों से वाशिंग पिट लाइनों से उत्पन्न अपशिष्ट जल को प्राथमिक संग्रह पिट पर एकत्र किया जाता है और फिर इसे कच्चे पानी के संग्रह के लिए पंप किया जाता है। इस रिसाइकल्ड पानी का उपयोग वाशिंग पिट लाइन, कोचों की धुलाई और स्टशनों एवं कार्यालयों के उद्यान की बागवानी के लिए किया जाता है। साथ ही जल संरक्षण में भी मदद मिलती है।

## नॉन इंटरलॉकिंग के कारण 3 जोड़ी यात्री गाड़ियां रद्द

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन से चलने वाली 3 जोड़ी यात्री गाड़ियों को रेल प्रशासन ने कछपुरा के पास टावर वैगन साइडिंग में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 2 दिन के लिए रद्द कर दिया है।इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि मदन महल स्टेशन के निकट कछपुरा गुड साइडिंग में रेलवे द्वारा नान इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है रेल पटरियों पर किए जाने वाले इस कार्य के चलते रेल प्रशासन द्वारा लंबी दूरी एवं बड़ी गाड़ियों के आवागमन जारी रखते हुए दो जोड़ी पैसेंजर गाड़ी एवं एक जोड़ी मेल एक्सप्रेस के परिचालन को दो दिनों के लिए रद्द किया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि जबलपुर से नैनपुर के बीच सुबह 10.35 पर चलने वाली जबलपुर -नैनपुर पैसेंजर यात्री गाड़ी नंबर 05705 तथा 05706 को एक दिन 28 जुलाई को रद्द किया गया है। इसी तरह जबलपुर से नैनपुर के बीच शाम 18ः55 बजे चलने वाली पैसेंजर गाड़ी नंबर 05703 को 27 एवं 28 जुलाई तक तथा नैनपुर से वापस जबलपुर आने वाली नैनपुर जबलपुर पैसेंजर गाड़ी नंबर 05704 को भी 28 एवं 29 जुलाई को रद्द किया गया है।श्री रंजन ने बताया कि इसी तरह जबलपुर से चांदा फोर्ट जाने वाली ट्रेन नंबर 22174 को एवं इसके वापसी रैक 22173 को भी 28 एवं 29 जुलाई को रद्द किया गया है।

# राजकोट मंडल में दोहरीकरण कार्य के चलते रेल यातायात प्रभावित

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम रेलवे, राजकोट मंडल के सुरेन्द्रनगर-राजकोट रेल खण्ड में स्थित थान स्टेशन पर दोहरीकरण कार्य के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य के लिए मेगा ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके चलते कुछ गाड़ियों को निरस्त, कुछ को आंशिक निरस्त और कुछ को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है। आंशिक निरस्त होने वाली गाड़ियों में पमरे की गाड़ी संख्या 11466/11465 जबलपुर-सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस भी शामिल है। मुख्यालय द्वारा बताया गया कि 29.जुलाई को अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 11466 जबलपुर-सोमनाथ एक्स्प्रेस अहमदाबाद स्टेशन पर टर्मिनेट होगी। यह गाड़ी अहमदाबाद-सोमनाथ के बीच आंशिक रद्द रहेगी। इसी प्रकार वापसी में दिनांक 30.07.2022 को अपने प्रारंभिक स्टेशन सोमनाथ से चलने वाली गाड़ी संख्या 11465 सोमनाथ की जगह अहमदाबाद स्टेशन से प्रराम्भ होकर गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी सोमनाथ-अहमदाबाद के बीच आंशिक रद्द रहेगी।रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर लें।



### नॉन इंटरलॉकिंग के कारण 3 जोड़ी यात्री गाड़ियां रद्द

*जबलपुर यश भारत। जबलपुर रेलवे स्टेशन से चलने वाली 3 जोड़ी यात्री गाड़ियों को रेल प्रशासन ने कछपुरा के पास टावर वैगन साइडिंग में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 2 दिन के लिए रद्द कर दिया है।

# टीम इंडिया की नजर क्लीन स्वीप पर

## अर्शदीप को मिल सकता है मौका





**मुंबई (एजेंसी)।** पहले दो मैचों में रोमांचक जीत के साथ सीरीज पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार कोहोने वाले तीसरे और अंतिम वनडे मैच में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत कर क्लीन स्वीप करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। वेस्टइंडीज का लक्ष्य वनडे में अपनी हार का क्रम तोड़ना होगा क्योंकि इससे पहले उसे बांग्लादेश से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे प्रारूप में लगातार 12वीं सीरीज जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था। यह किसी एक टीम का किसी एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ इस मैच में कुछ नए खिलाड़ियों को आजमा सकते हैं लेकिन वह जीत की लय बरकरार रखने के लिए टीम संतुलन बनाए रखने पर जोर देंगे। शुभमन गिल की जगह खेल सकते हैं बल्लेबाजी विभाग में शुभमन गिल पर ऋतुराज गायकवाड़ को प्राथमिकता मिलने की संभावना नहीं है। गिल ने पिछले दो मैचों में 64 और 43 रन की दो उपयोगी पारियां खेली थी। गायकवाड़ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पूरी सीरीज में खेलने का मौका मिला था जहां वह तेज गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए थे।

### सूर्यकुमार को फिर मिल सकता है मौका

श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन ने भी पिछले मैच में अर्धशतक जमाए थे जबकि सूर्यकुमार यादव को पहले दो मैचों में नाकामी के बावजूद एक और मौका दिया जा सकता है। ऐसे में इशान किशन को बाहर ही बैठना पड़ेगा। रविंद्र जडेजा को इस श्रृंखला के लिए शिखर धवन के साथ उप कप्तान बनाया गया था और ऑलराउंडर के रूप में वह पहली पसंद थे लेकिन घुटने की चोट के कारण व पहले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे। यह भी सुनिश्चित नहीं है कि जडेजा तीसरे मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं क्योंकि उनकी अनुपस्थिति में अक्षर पटेल ने दूसरे मैच में 64 रन की नाबाद पारी खेलकर भारत को जीत दिलाई थी। पटेल के इस प्रदर्शन को टीम प्रबंधन नजरअंदाज नहीं कर सकता है।

### अर्शदीप भी दावेदारी में

धवन यदि बाएं हाथ के दो स्पिनरों को उतारने की योजना बनाते हैं तो फिर युजवेंद्र चहल को बाहर बैठना पड़ सकता है। लेकिन इससे भारतीय गेंदबाजी में विविधता का अभाव देखने को मिल सकता है। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को इंग्लैंड में वनडे के दौरान जांघ की मांसपेशियों में परेशानी हुई थी लेकिन अब वह फिट हैं और बाएं हाथ का तेज गेंदबाज होने के कारण उन्हें आवेश खान की जगह टीम में लिया जा सकता है। आवेश ने दूसरे वनडे में छह ओवर में 54 रन लुटाए थे और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था। आवेश और प्रसिद्ध कृष्णा की गेंदबाजी शैली एक तरह की है और ऐसे में इनमें से किसी एक को ही अंतिम एकादश में रखा जा सकता है।




# भारतीय ओलंपिक संघ ने खिलाड़ियों को दी हिदायत

## बर्मिंघम में ज्यादा बाहर नहीं निकलें

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रहे भारतीय दल को मंगलवार को सलाह दी कि वे अपनी सार्वजनिक उपस्थिति को सीमित रखें और कोविड-19 महामारी के मौजूदा खतरे को देखते हुए बाहर निकलने से बचें।आईओए ने बयान में कहा, 'भारतीय ओलंपिक संघ बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के भारतीय दल में शामिल खिलाड़ियों से आग्रह करता है कि वे कोविड-19 के खतरे के कारण सार्वजनिक स्थानों पर अधिक समय नहीं बिताएं क्योंकि इससे खिलाड़ियों का स्वास्थ्य और उनका प्रतिनिधित्व खतरे में पड़ सकता है।' आईओए ने साथ ही भारतीय खिलाड़ियों से आग्रह किया कि जहां भी जरूरी हो वे सभी एहतियाती कदम उठाएं। आईओए का निर्देश उस समय आया है जब ब्रिटेन में कोविड-19 के हजारों मामले सामने आ रहे हैं। भारत ने इन खेलों में 321 सदस्यीय मजबूत दल उतरा है जिसमें 215 खिलाड़ी और 107 अधिकारी तथा सहयोगी स्टाफ शामिल हैं। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त तक किया जाएगा।

# पदक की उम्मीदों को झटका



**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रमंडल खेलों (कॉमनवेल्थ गेम्स) की शुरुआत 28 जुलाई से होने जा रही है। इससे दो दिन पहले भारत को बड़ा झटका लगा है। ओलंपिक चैंपियन जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर हो गए हैं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के महासचिव राजीव मेहता ने इसकी पुष्टि की। राजीव मेहता ने बताया- मुझे आज सुबह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा सूचित किया गया कि नीरज 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं। उन्हें ग्रोइन इंजरी है और स्कैन के बाद उन्हें एक महीने के लिए आराम करने के लिए कहा गया है। नतीजतन, वह राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं लेंगे।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता था रजत पदक

हाल ही में नीरज ने भारत को वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप (ड्ब्ल्यूएसी) में रजत पदक दिलाया था। अंजू बॉबी जॉर्ज (2003) के बाद वह ऐसा करने वाले सिर्फ दूसरे एथलीट बने। फाइनल में नीरज ने 88.13 मीटर दूर तक भाला फेंका था और रजत पदक अपने नाम किया था।

### फाइनल में लगी थी चोट

हालांकि, नीरज डब्ल्यूएसी में चोटिल भी हो गए थे। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जेवलिन फाइनल के दौरान नीरज चोपड़ा को चोट लगी थी। फाइनल में नीरज अपनी जांघ पर पट्टी लपेटते भी नजर आए थे। अब उसी चोट की वजह से नीरज कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा नहीं लेंगे।

### जांघ पर पट्टी लपेटते नीरज चोपड़ा

24 वर्षीय एथलीट को गुरुवार को राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान भारत का ध्वजवाहक बनना था। राजीव मेहता ने कहा है कि नए ध्वजवाहक पर फैसला आईओए के अन्य पदाधिकारियों से बात करने के बाद जल्द ही लिया जाएगा।



# एक और भारतीय महिला क्रिकेटर कोरोना पॉजिटिव

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन दिन बाद मुकाबला

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की एक और सदस्य कोरोना संक्रमित पाई गई है। ऐसे में वह खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए बर्मिंघम के लिए रवाना नहीं हो पाई। वह खिलाड़ी भारत में ही क्वारंटीन है। भारत के लिए यह बड़ा झटका है क्योंकि तीन दिन बाद यानी 29 जुलाई को भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला मुकाबला खेलना है। रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम दो खिलाड़ियों के बगैर ही बर्मिंघम रवाना हो गई। इस खिलाड़ी से पहले भी एक खिलाड़ी कोरोना संक्रमित मिली थी। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इसकी पुष्टि की थी। वह महिला क्रिकेटर तब टीम के साथ नेशनल क्रिकेट एकेडमी में प्रैक्टिस कर रही थी। इस साल क्रिकेट राष्ट्रमंडल खेलों में डेब्यू कर रहा है। भारतीय ओलंपिक संघ के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया- एक दूसरे खिलाड़ी की कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। दोनों खिलाड़ी भारत में हैं। वहीं, बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा- प्रोटोकॉल के अनुसार, दोनों खिलाड़ी केवल निगेटिव रिपोर्ट आने के बाद ही टीम में शामिल हो सकते हैं। स्थिति को देखते हुए दोनों खिलाड़ियों को देश में ही रोका गया और उनके ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में खेलने की संभावना नहीं है।भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपना दूसरा मैच 31 जुलाई को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। वहीं, अंतिम लीग मैच 3 अगस्त को बारबाडोस के खिलाफ है। फाइनल समेत सभी मैच एजबेस्टन में खेले जाएंगे। आयोजकों ने कहा है कि क्रिकेट मैचों के सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट पहले ही बिक चुके हैं। टीम के रवाना होने से भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा था कि राष्ट्रमंडल खेलों में खेलना उनके और टीम के लिए काफी मायने रखता है। हरमनप्रीत ने कहा- हम अक्सर इसका अनुभव नहीं करते। इसलिए वास्तव में राष्ट्रमंडल खेलों में खेलने के लिए उत्साहित और तत्पर हैं। उद्घाटन समारोह हम सभी के लिए एक विशेष अनुभव होगा।

# स्कवॉश में एकल में पदक जीतने का मिथक तोड़ने उतरेगी भारतीय टीम

## घोषाल और चिनप्पा रचना चाहेंगे इतिहास




**मुंबई (एजेंसी)।** सभी वर्गों में पदक जीतने के लक्ष्य के साथ भारतीय स्क्वॉश टीम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए बर्मिंघम पहुंच गई है जिसमें सौरभ घोषाल और जोशना चिनप्पा एकल में पदक जीतने का मिथक तोड़ने के लिए अपना आखिरी प्रयास करेंगे। दीपिका पल्लीकल, जोशना और सौरभ की तिकड़ी पिछले 15 वर्षों से भारतीय स्क्वॉश टीम का जिम्मा अपने कंधों पर उठाए हुए हैं। इन तीनों ने इस बार खेलों के लिए कड़ी मेहनत की है क्योंकि यह उनके आखिरी राष्ट्रमंडल खेल भी हो सकते हैं। स्क्वॉश को राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार 1998 में शामिल किया गया था और तब से लेकर अभी तक भारत केवल तीन पदक जीत पाया है। इनमें आठ साल पहले ग्लास्गो में जोशना और दीपिका द्वारा जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। वे फिर से खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में ब्रिटिश धरती पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस साल के शुरू में विश्व खिताब भी जीता था। अब जुड़वां बच्चों की मां दीपिका ने घोषाल के साथ मिलकर अप्रैल में विश्व युगल चैंपियनशिप में मिश्रित युगल का खिताब जीतकर शानदार वापसी की है।

### बीस वर्षों में नहीं जीता है एकल पदक

मिस्र को छोड़कर स्क्वॉश खेलने वाली चोटी की सभी टीमें राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा है। भारत अभी तक एकल में पदक नहीं जीत पाया है लेकिन जोशना और घोषाल इस बार कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। दीपिका ने वापसी के बाद अभी एकल में खेलना शुरू नहीं किया है। घोषाल से जब पूछा गया कि क्या भारत के पास 2022 में एकल में पदक जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका रहेगा उन्होंने कहा, 'ऐसी उम्मीद है। 20 साल पहले जब हमने खेलना शुरू किया था तब से हमने काफी प्रगति की है। हमने खिलाड़ियों के रूप में भी अच्छी प्रगति की है। राष्ट्रमंडल खेलों में चुनौती कड़ी होती है। यहां पदक जीतना आसान नहीं होता है।' घोषाल को पिछली बार राष्ट्रमंडल खेलों में तीसरी वरीयता दी गई थी लेकिन वह शुरू में ही बाहर हो गए थे। वह इस बारे में सोच कर अपने पर अतिरिक्त दबाव नहीं बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं ड्रॉ के बारे में नहीं सोच रहा हूं पिछली बार मैंने ऐसी गलती की थी। मैं एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहता हूं।' भारत ने बर्मिंघम रवाना होने से पहले चेन्नई में विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ग्रेगरी गॉल्टियर की देखरेख में अभ्यास किया था।

### 14 साल की अनहत भी टीम में शामिल

भारतीय महिला टीम में 14 वर्षीय अनहत सिंह भी शामिल है। उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें रहेंगी। पिछले महीने एशियाई जूनियर स्क्वॉश चैंपियनशिप में उन्होंने लड़कियों के अंडर-15 वर्ग में खिताब जीता था। अनहत अभी तक 46 राष्ट्रीय सर्किट और दो राष्ट्रीय खिताब जीत चुकी है। उनके नाम पर अभी तक आठ अंतरराष्ट्रीय खिताब दर्ज हैं। उनके अलावा सुनयना कुरुविला, अभय सिंह और वी सेंथिलकुमार भी पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेंगे।

### भारतीय टीम इस प्रकार है

पुरुष एकल = सौरव घोषाल, रामित टंडन, अभय सिंह
महिला एकल = जोशना चिनप्पा, सुनयना कुरुविला, अनहत सिंह
महिला युगल = दीपिका पल्लीकल / जोशना चिनप्पा
मिश्रित युगल = सौरव घोषाल / दीपिका पल्लीकल, रामित टंडन / जोशना चिनप्पा
पुरुष युगल = रामित टंडन, हरिंदर पाल सिंह संधू, वेलावन सेंथिलकुमार / अभय सिंह

# फ्रांस के क्रिकेटर ने टी-20 में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

## शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने





**मुंबई (एजेंसी)।** फ्रांस के ओपनर गुस्ताव मकियोन ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 यूरोप सब रिजनल क्वालिफायर टूर्नामेंट में इतिहास रच दिया है। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने 18 साल और 280 दिन की उम्र में यह मुकाम हासिल किया। गुस्ताव ने वांता में खेले गए टी-20 मैच में 61 गेंदों में 109 रन की ताबड़तोड़ा पारी खेली।अपनी पारी में गुस्ताव ने पांच चौके और नौ छक्के लगाए। गुस्ताव ने इस पारी के साथ ही अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। हजरतुल्लाह ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ 62 गेंदों पर 162 रनों की नाबाद पारी खेली थी। तब वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने थे।

### टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी

खिलाड़ी उम्र मैच जगह, साल
गुस्ताव मकियोन 18 साल, 280 दिन फ्रांस 1ह्य स्विट्जरलैंड वांता, 2022
हजरतुल्लाह जजई 20 साल, 337 दिन अफगानिस्तान 1ह्य आयरलैंड देहरादून, 2019
शिवकुमार पेरियालवार 21 साल, 161 दिन रोमानिया 1ह्य तुर्की इलफोव काउंटी, 2019
ऑर्किड तुइसेंगे 21 साल 190 दिन रवांडा 1ह्य सेशेल्स किगाली, 2021
दीपेंद्र सिंह 22 साल 68 दिन नेपाल 1ह्य मलेशिया काठमांडू, 2022

तब हजरतुल्लाह की उम्र 20 साल और 337 दिनों की थी। मकियोन मौजूदा टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अब तक टी-20 वर्ल्ड कप 2024 यूरोप सब रिजनल क्वालिफायर टूर्नामेंट में 161 के स्ट्राइक रेट और 92.50 की औसत से रन बनाए हैं। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन (185 रन) बनाने वालों में टॉप पर हैं। इसी टूर्नामेंट में उन्होंने चेक रिपब्लिक के खिलाफ 54 गेंदों में 76 रन की पारी खेली थी। मकियोन के शतक के बावजूद फ्रांस की टीम जीत हासिल नहीं कर सकी और स्विट्जरलैंड ने 158 रन का लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। स्विस कप्तान फहीम नजीर ने 46 गेंदों पर 67 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इसके बाद अली नय्यर की तूफानी बल्लेबाजी ने स्विट्जरलैंड को मैच जिता दिया था।। नय्यर ने तीन गेंदों पर 12 रन बनाए। आखिरी गेंद पर चौका लगाकर नय्यर ने जीत दिलाई। इससे फ्रांस और मकियोन का दिल टूट गया। इस जीत के साथ स्विट्जरलैंड दो अंकों के साथ फ्रांस की बराबरी पर आ गया है। दोनों एक ही ग्रुप में हैं। वहीं, ग्रुप-2 में नॉर्वे टॉप पर है। उसने चेक गणराज्य और एस्टोनिया पर जीत दर्ज की थी।

# रिकी पोंटिंग की भविष्यवाणी- भारत और ऑस्ट्रेलिया में होगा फाइनल



**मुंबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के दो बार वर्ल्ड कप दिलाने वाले कप्तान रिकी पोंटिंग ने मंगलवार (26 जुलाई) को आगामी टी20 वर्ल्ड कप को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की। उन्होंने उन दो टीमों के बारे में बताया जो इस बार फाइनल में अपना स्थान पक्का कर सकती है। इतना ही नहीं, पोंटिंग ने यह भी बताया कि कौन-सी टीम टी20 वर्ल्ड कप में चैंपियन बनेगी।पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू में संजना गणेशन को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें इस बार आपस में फाइनल खेलेंगी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया था। पोंटिंग का मानना है कि कंगारू टीम इस बार खिताब बचाने में कामयाब होगी। उसे घरेलू मैदान और समर्थकों का लाभ मिलेगा। पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें फाइनल में खेलेंगी। वहां ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को हराकर फिर से चैंपियन बनेगी। मौजूदा चैंपियन के पास घरेलू परिस्थितियां हैं। यह एक ऐसी चीज है, जो पिछले विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की टीम के पास नहीं थी। इस बार उसके लिए थोड़ा अच्छा है।

### इंग्लैंड देगा टक्कर- पोंटिंग

2003 और 2007 में वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाले पोंटिंग से जब पूछा गया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया को किससे खतरा होगा तो उन्होंने इंग्लैंड का नाम लिया। पोंटिंग ने कहा, इंग्लैंड के पास अभी भी कई मैच विजेता हैं। मुझे लगता है कि इंग्लैंड सीमित ओवरों में एक मजबूत टीम है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं।

### भारत का शेड्यूल

भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से 23 अक्टूबर (रविवार) को मेलबर्न में होगा। उसके बाद टीम इंडिया 27 अक्टूबर (गुरुवार) को क्वालीफायर में ग्रुप-ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा। 30 अक्टूबर (रविवार) को भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। दो नवंबर (बुधवार) को बांग्लादेश और छह नवंबर (रविवार) को क्वालीफायर में ग्रुप-बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से मुकाबला होगा।

# कांग्रेस नेता को चाकू मारकर लूटा

## जबलपुर में नहीं रुक रहीं घटनाएं

## मोबाइल छीना, चैन और अंगूठी लूटने का कर रहा था प्रयास

**जबलपुर, यशभारत। कोतवाली थाना अंतर्गत उखरी चौकी के पास देर रात कांग्रेस नेता के साथ लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। देर रात शातिर आरोपी ने बाइक रोककर, पहले तो मोबाइल लूटा और फिर चेन और अंगूठी लूटने का प्रयास कर रहा था। जब कांग्रेस नेता ने विरोध किया तो चाकू से अनेकों वार कर, मौके से फरार हो गया। जिसके बाद आनन-फानन में पीड़िता को एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।**



### पीड़ित अस्पताल में भर्ती







पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं, जबलपुर में लूट और चाकूबाजी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। जिसके बाद अब स्थिति यह है कि आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है। जानकारी अनुसार विशाल तिवारी ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिता कांग्रेस नेता विनोद तिवारी, एक होटल से देर रात करीब डेढ़ बजे अपने घर संगम कॉलोनी जा रहे थे। तभी रास्ते में उखरी चौकी के पास एक युवक ने बाइक रोकी और मोबाइल छुड़ाने का प्रयास करने लगा। जब पीड़ित ने विरोध किया तो चाकू से हाथ, पीठ में अनेकों वार कर सैमसंग मोबाइल छुड़ा लिया और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद पीड़ित को अस्पताल में भर्ती किया गया। वहीं, पुलिस ने बताया कि घटना में घायल हुए पीड़ित का इलाज जारी है। जिसके बाद मामला कायम किया जाएगा।

### नहीं रुक रहीं घटनाएं

जबलपुर में चाकूबाजी की घटनाएं अब आम हो चली है। अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आए दिन दबंग और पुराने बदमाश आम आदमी से वसूली करने चाकूबाजी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। जिससे आम आदमी प्रताड़ित है।



# सेना के कार्यालय पहुंचे महापौर

## सेना के शौर्य को किया प्रणाम

**कारगिल विजय दिवस पर संस्कारधानी व सांसद तन्खा की ओर से दी बधाई**

**जबलपुर,यशभारत।** कारगिल विजय दिवस पर नव निर्वाचित महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू संस्कारधानी तथा राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा की ओर से बधाई देने सेना के कार्यालय पहुंचे । उन्होंने सेना के शौर्य को प्रणाम करते हुए वहां पर भारत के मस्तक को सदैव उन्नत रखने वाली सेना के जांबाज अधिकारियों और सैनिकों से मुलाकात की तथा कारगिल युद्ध में विशिष्ट भूमिका निभाने वाले सेना मैडिल प्राप्त ब्रिगेडियर प्रशांत चौहान नायब सुबेदार सुरेन्द्र कुमार, सुबेदार नरेन्द्र कुमार यादव और सुबेदार मेजर आर. के. पात्रा से मुलाकात कर संस्कारधानी वासियों की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर मध्य भारत क्षेत्र जबलपुर के लेफ्टिनेंट जनरल मनिक कुमार दास जिन्हें सेना में विशेष योगदान के लिए परम विशिष्ट सेना मैडेल, विशिष्ट सेना मैडेल और सेना मैडेल प्राप्त हुआ है उनसे भी नगर के महापौर ने मुलाकात की तथा सांसद विवेक तन्खा का बधाई संदेश प्रदान किया और कारगिल विजय दिवस पर जबलपुर की ओर से बधाईयां दी। इस अवसर पर ब्रिगेडियर राहुल गोहाड एवं कर्नल कुलभूषण विशेष रूप से उपस्थित थे। जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि कारगिल युद्ध में सेना के शौर्य को हम सलाम करते हैं इस युद्ध में हमारे जो बहादुर सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए उन्हें हम अपनी विनम्र श्रद्धांजली अर्पित करते हैं।

# समदड़िया होटल में आए युवक के 2 लाख 10 हजार पार

## बैतूल से कार खरीदने शहर पहुंचा था युवक

**जबलपुर, यशभारत।** ओमती थाना क्षेत्र अंतर्गत बैतूल से जबलपुर कार खरीदने आए पीड़ित के बैग से ग्रैंड समदड़िया होटल में दो लाख दस हजार पार कर शातिर चोर चलता बना। दरअसल आरोपी ने पीड़ित को बताया कि वह रोजगार कार्यालय में सुपरवाइजर पद पर पदस्थ है और उसके बेटे का नाम दर्ज करवाने दस हजार लगेंगे। जब पीड़ित ने पैसे दिए और बाथरुम गया। उसी दौरान शातिर आरोपी ने बैग से रुपये पार कर लिए और अब मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि विवेकानंद सिंह 47 वर्ष निवासी प्रेमनगर पाथरखेड़ा सारणी जिला बैतूल ने पुलिस को बताया कि वह ठेकेदारी का काम करता है । कार खरीदने के लिये अपने भाई देवानंद एवं बेटा आयुष के साथ जबलपुर आया था। सिविक सेंटर स्थित ग्रैंड समदड़िया होटल में रूका था और राधेश्याम सिंह तोमर ,जिससे पहले कभी मिला नही था । राधेश्याम ने बताया कि वह छिंदवाड़ा का रहने वाला हूं। जबलपुर में रोजगार कार्यालय में सुपरवाईजर हूं।, उसन 25 जुलाई 2022 को राधेश्याम के मोबाइल नम्बरों पर फोन लगाकर बताया कि वह जबलपुर आ रहा है और होटल में रुका है। सुबह लगभग 8 बजे राधेश्याम उसके रूम में आया उस समय उसका भाई देवानंद पूजा करने मंदिर चला गया था। उसने कहा कि बेटे का जबलपुर रोजगार कार्यालय में नाम लिखाने के लिये लगभग 10 हजार रूपये लगेंगे। उसने पैसे दिए और बाकी के पैसे अपने बैग में रख लिए।



# जबलपुर जनपद में कांग्रेस तो मझौली सिहोरा में भाजपा मजबूत

## पाटन में त्रिकोणीय मुकाबला

**जबलपुर यश भारत।** जिले की चार जनपद पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिए आज बुधवार मतदान हो रहा है। जिसके लिए प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है जिसमें सबसे प्रमुख जबलपुर जनपद है। जिसमें पनागर और बरगी विधानसभा का आधा-आधा भाग आता है इस जनपद में कांग्रेस की स्थिति मजबूत दिख रही है। जहां कांग्रेस के पक्ष में लगभग 22 में से 14 सदस्य जाते दिख रहे हैं । वहीं कांग्रेस समथिज़्त दो जनपद सदस्य भाजपा के पाले में जाने के बाद मझौली में भाजपा की स्थिति मजबूत हो गई है और भाजपा समथिज़्त अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। इसके अलावा सिहोरा में मुकाबला दो भाजपा समथिज़्त सदस्यों के बीच में है ऐसे में जीत जिसकी भी हो भाजपा उसे अपना अध्यक्ष बताने से नहीं चुकेगी। वही पाटन जनपद में कांग्रेस भाजपा के अलावा एक तीसरा मोचाज़् भी मैदान में है जो क्षेत्रीय समीकरणों और जातिगत वोटों के आधार पर अपना दबदबा बना रहा है।

सेल... सेल... सेल... मानसून ऑफर
फैन्सी साड़ियाँ, सूट, लहंगा, इवनिंग गाऊन, क्रॉप टॉप, कुर्ती पर UPTO 50% OFF
श्री शुभमंगल कलेक्शन
सतना बिल्डिंग, मालवीय चौक, जबलपुर 0761-4015444, 7828684355

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयघात) | उच्च रक्तचाप | घबराहट व धड़कन बढ़ना
सीने में दर्द व भारीपन | बी.पी.का बढ़ना या घटना | बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 6:30 से 10:00
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

SINCE 1995 METC AN INSTITUTE OF COMPUTER & VOCATIONAL EDUCATION
माखनलाल चतुर्वेदी रा.प.वि.वि. से संबंद्ध
PGDCA DCA प्रवेश प्रारंभ सर्वश्रेष्ठ परिणाम TALLY PRIME CPCT SPECIAL BATCHES
AIECCE New Delhi संबद्ध NTT नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग Elg.-10",12"/Graduate FREE Seminar, GDPL, Course Material & Skill Dev.
3rd फ्लोर, मोहित चेम्बर्स, राईट टाउन- 9302227789 | राजुल सिटी गंगानगर, गढ़ा-9303327788

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

2005 से अग्रणी 2022-2023 सत्र हेतु प्रवेश
महात्मा गांधी महिला कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट
(माखन लाल चतुर्वेदी विश्व विद्यालय से) बेसिक कम्प्यूटर कोर्स
PGDCA योग्यता स्नातक | DCA योग्यता बारहवीं | BCA योग्यता बारहवीं | TALLY | CPCT | TYPING
सफलता के 16 वर्ष
आयुष गैलरी के ऊपर, होमसाइंस कॉलेज रोड, जबलपुर जबलपुर- 9111167794, 6265955100

JICS JABALPUR INSTITUTE OF COMPUTER SCIENCE
वर्ष 2000 से कार्यरत
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
(म.प्र. शासन के एक्ट नं. 15, 1990 द्वारा स्थापित वि.वि.)
सत्र जुलाई 2022-2023 सीधे प्रवेश प्रारंभ
M.Sc.(CS) योग्यता-स्नातक किसी भी विषय में | BCA योग्यता- 12 वीं किसी भी विषय में | B.Com (CA) योग्यता- 12 वीं किसी भी विषय में
DCA योग्यता- 12 वीं किसी भी विषय में | PGDCA योग्यता-स्नातक किसी भी विषय में
वि.वि. के पाठ्यक्रम सभी शासकीय, अशासकीय नौकरी एवं उच्च शिक्षा के लिए मान्य हैं।
महाकौशल क्षेत्र का अग्रणी संस्थान
अधारताल, भारत गैस के बाजू में, जबलपुर मो. - 0761-4066631, 9893322108

6वीं पुण्य तिथि
स्व. प्रमोद कुमार अवस्थी
आपके स्नेह एव सानिध्य से बिछुडे हुए आज दो वर्ष हो गये, किन्तु आपकी छवि आज भी हमारे हृदय में सजीव है एव हमे सतत् प्रेरणा प्रदान कर रही है।
शोक संतप्त
श्रीमती विनीता अग्निहोत्री, मीना अवस्थी, विनोद अवस्थी, श्री सुशील-किरण शुक्ला, शुभम-सोनम अवस्थी, मल्लिका, पल्लवी, प्रियांश, शैली, विहान, शान्वी एव अवस्थी परिवार। मो. 9425387976

माँ शक्ति एकवा आरो सिस्टम
सभी प्रकार के आरो सैल्स एवं सर्विस के लिए सम्पर्क करें :
मो.- 9074629210 अब अपने RO की सर्विसिंग कराएं वो भी बिल्कुल फ्री
पता- शंकर नगर करमेता, जबलपुर

मो. : 9827362149, 7509681149
रामकृपाल पाल
हाथ ठेला किराये पर मिलता है। नए ठेले बनाए जाते है। पुराने ठेले रिपेयर किए जाते है।
गढ़ाफाटक, लिंक रोड (निवाड़गंज मंडी) - कृषि उपज मंडी के पीछे (जानकी नगर) जबलपुर
समय: सुबह 8.00 से शाम : 7 बजे तक

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

स्थापना 1948 74 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262,2481362

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
फ्रूट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सतू →मूंगफली की लड़या →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →वेव्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट →फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़ →चने
AK'S Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )